# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 5 दिसंबर 2024

**NCERT** ने प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के लिए फरवरी 2023 में नया **Study Material** जारी किया है जिसका नाम है **"जादुई पिटारा"**। इस पिटारे में बच्चों के लिए **teaching aids** जैसे Books, Charts, Flashcards, Hand Puppets, Blocks, Beads, Puzzles, Posters आदि शामिल हैं। NCERT की guidelines हैं कि स्कूलों में **Foundational Stage (NURSERY, LKG, UKG)** की पढ़ाई इन्हीं **aids** का समुचित उपयोग करते हुए कराई जाए।

## MITTSURE पहला ऐसा PLATFORM है

जो NEP और NCF की Guidelines और **जादुई पिटारा** के अनुरूप Classes **NURSERY, LKG** और **UKG** के लिए अपनी Books की Series **"LumaLearn"** लेकर आया है।

Mittsure

Presents

**Pre-Primary Series Integrated with Jaadui Pitara and Supported by Engaging Learning Videos**

## LUMALEARN

### NURSERY | LKG | UKG








LEARN THROUGH PLAY




ENGAGED LEARNING



### LEARNING VIDEOS

**NCERT की guidelines के अनुसार, हम दे रहें हैं books में दिए गए Topics पर आधारित Animated Learning Videos I ये Videos स्कूल एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाये जायेंगे।**




### 'LumaLearn' Series के स्कूल में Recommend होने पर निम्न Benefits हैं:

1. LumaLearn Series एकमात्र ऐसी सीरीज है जिसमें NCERT की guidelines और जादुई पिटारा दोनों को एक साथ integrate किया गया है।
2. यह NCF के Foundational Stage में दिए गए बच्चों के पंचकोषिए विकास के model का पूरी तरह पालन करती है।
3. Books के साथ प्रत्येक कक्षा के लिए Jaadui Piatara Kit और उसका एक Detailed Manual है, जो teachers को complimentary दिया जाएगा।
4. इस Detailed Manual के माध्यम से Books में दी गयी activities किस teaching aid के माध्यम से करवाई जा सकती हैं और उनसे बच्चों में कौन-कौनसे skills develop होंगे, यह भी जाना जा सकता है।
5. शिक्षकों का समय बचाने और उनकी मदद के लिए हम Lesson Plans भी दे रहें हैं।
6. अभिभावक भी books के साथ दिए गए videos की मदद से बच्चों का घर पर आसानी से Revision करवा सकते हैं।

### BOOKS

**NCERT द्वारा NEP में Pre-Primary Classes (NCF -FS) के लिए दी गई guidelines को पूरी तरह से follow करने वाली पहली Books Series**

**LumaLearn series एक holistic education model है, जो NCF के Foundational Stage के पंचकोष विकास के concept को पूरी तरह fulfill करती है।**




**SCHOOLS हमसे जुड़ने के लिए नाम, पता SMS करें: 7374003601 या Missed Call करें: 7877200112 | support@mittsure.com**

Mittsure TECHNOLOGIES LLP

CORPORATE OFFICE: B-121 Mangal Marg, Bapu Nagar, JAIPUR | www.mittsure.com

BRANCH OFFICES: • New Delhi • Lucknow • Kolkata • Patna • Ahmedabad • Indore • Bengaluru

TOLL FREE NO.: **1800 8917070**

SHAKUN

eduGuru

# लोकसभा में सीट को लेकर रार, पक्ष-विपक्ष ने उठाई बदलाव की मांग

## नाराजगी का मुख्य कारण है सदन की कार्यवाही के दौरान कैमरों का फोकस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा संसद के जारी शीतकालीन सत्र के दौरान सीट को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। तरह कई वरिष्ठ सांसद लोकसभा में नई सीटिंग व्यवस्था से नाखुश हैं। टीडीपी सहित सत्ता पक्ष के कई नेता के साथ-साथ विपक्षी नेता भी बदलाव की मांग कर रहे हैं। ज्यादातर विपक्षी नेता 8वीं लाइन में जगह पाने के ख्वाहिशमंद हैं। हाल में लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान तेलुगू देशम पार्टी के वरिष्ठ सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने सदन में उन्हें आवंटित सीट पर निराशा भी जताई थी। सीट आवंटन को लेकर नाराजगी का मुख्य कारण सदन की कार्यवाही के लाइव प्रसारण के लिए कैमरों का फोकस है । सत्ता पक्ष की बेंचों के अलावा, कैमरे मुख्य रूप से आठवें ब्लॉक पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जहां विपक्ष के नेता बैठते हैं। कई सांसदों का कहना है कि लाइव प्रसारण में दिखना उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में उनके कद के लिए महत्वपूर्ण है। नई सीटों के आवंटन से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता अवधेश प्रसाद और डिंपल यादव भी आठवें ब्लॉक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ पहली और दूसरी पंक्ति में सीटें लेते थे। नई व्यवस्था में अखिलेश यादव को छठे ब्लॉक की पहली पंक्ति में कांग्रेस नेताओं से दूर एक सीट आवंटित की गई है। तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय भी छठे ब्लॉक की पहली पंक्ति में हैं।

**विपक्षी नेताओं को चाहिए 8वीं लाइन में जगह**

## एनडीए में शामिल टीडीपी ने आवंटित सीट पर जताई निराशा




बता दें, इंडिया गठबंधन में उसके सहयोगी दल 'आठवें ब्लॉक' से उन्हें दूर रखने में कांग्रेस नेतृत्व का हाथ मानते हैं जो स्पीकर के चैंबर के बाईं ओर पहला ब्लॉक है। कांग्रेस सूत्रों ने माना कि सपा भी सीटों के बदलाव के लिए पार्टी को दोषी मानती है। मंगलवार सुबह लोकसभा में मौजूद एक सांसद के अनुसार, सदन में प्रवेश करते ही अखिलेश ने कहा, 'धन्यवाद, कांग्रेस।' कांग्रेस के वेणुगोपाल अखिलेश की सीट पर जाकर इशारा करते दिखे कि वे राहुल गांधी के पास बैठ सकते हैं लेकिन अखिलेश ने मना कर दिया। स्पीकर के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा विपक्ष के लिए सीट आवंटन में कांग्रेस की राय अहम थी। सूत्र ने बताया, 'हम विपक्ष के लिए ब्लॉक आवंटित करते हैं। विपक्ष के नेता और पार्टी सीट आवंटन के लिए सुझाव देते हैं।'

**कांग्रेस को दोषी मानती हैं सहयोगी पार्टियां**

### आठवें ब्लॉक में है राहुल की सीट

विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सीट आठवें ब्लॉक में है (सबसे बाईं ओर, प्रधानमंत्री और ट्रेजरी बेंच पर वरिष्ठ मंत्रियों के सामने जो पहले ब्लॉक में बैठे हैं), उनके साथ कांग्रेस महासचिव और लोक लेखा समिति के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल, डीएमके नेता टीआर बालू हैं। इस ब्लॉक की दूसरी पंक्ति में, एकमात्र गैर-कांग्रेसी सांसद डीएमके के ए राजा हैं। नवनिर्वाचित वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को उसी ब्लॉक में चौथी पंक्ति की सीट आवंटित की गई है। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और कांग्रेस के मुख्य सचेतक सुरेश कोडिकुन्निल अगले ब्लॉक की अग्रिम पंक्ति में हैं।

## खबर संक्षेप

### करोड़ों की साइबर धोखाधड़ी, सीबीआई ने मारे छापे

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** सीबीआई ने 117 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय साइबर वित्तीय धोखाधड़ी मामले में बुधवार को दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। इन व्यक्तियों के ठगी में शामिल होने का संदेह है। अधिकारी के अनुसार, गृह मंत्रालय के साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज मामले की जांच के तहत यह कार्रवाई की गई। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि अज्ञात संगठित साइबर अपराधी एवं संदिग्ध विदेशी ठग पूरे भारत में सुनियोजित वित्तीय ठगी में लगे हुए हैं। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, विदेशों से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे ये ठग भारत में लोगों को अपना शिकार बनाने सोशल साइट वाट्सएप, इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करते हैं।




### बीएचयू छात्रा से गैंगरेप के आरोपी को जमानत

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी गैंगस्टर्स एक्ट के तहत गिरफ्तार एक व्यक्ति को जमानत दे दी। कोर्ट ने जिस शख्स को जमानत दी वो आईआईटी-बीएचयू छात्रा से गैंगरेप मामले में भी आरोपी है। आरोपी शख्स का नाम सक्षम पटेल है। जो कथित तौर पर बीजेपी आईटी सेल का सदस्य है। उसको पिछले साल दिसंबर में गिरफ्तार किया था और तब से वो जेल में है। हालांकि, इस साल अक्टूबर में हाई कोर्ट ने बलात्कार के मामले में उसे जमानत दे दी थी, लेकिन गैंगस्टर एक्ट मामले (वर्तमान मामला) में जमानत याचिका लंबित होने के कारण वह जेल से बाहर नहीं आ सका। तीनों आरोपियों – आनंद उर्फ अभिषेक चौहान, कुणाल पांडे और सक्षम पटेल (आवेदक) पर छात्रा के साथ बलात्कार करने का आरोप है।



## इस्कॉन संस्था के प्रमुख चिन्मय दास को किया गया है गिरफ्तार

# संसद में उठा बांग्लादेशी हिंदुओं का मुद्दा भाजपा सांसदों ने कहा- पीएम मोदी दखल दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन बुधवार को लोकसभा में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा उठा। शून्य काल के दौरान कृष्ण नगरी मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी सहित कुछ सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाया। सदस्यों ने केंद्र सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए दखल देने का अनुरोध किया और संसद से एक प्रस्ताव पारित करने की भी मांग की। भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और इस्कॉन संस्था व उसके अनुयायियों पर चरमपंथियों के हमले निंदनीय हैं। उन्होंने हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का जिक्र किया और कहा कि इस्कॉन के लोग मानवता के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। उनके पक्ष में गवाही देने वाले दो लोगों को भी जेल में डाल दिया गया।

*हेमा मालिनी ने कहा, यह हमारी भावनाओं का विषय*

*सांसद फिरोजिया ने कहा भारत सरकार एक्शन ले*

### 'हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे बांग्लादेश सरकार'

मालिनी ने कहा, मैं खुद कृष्ण भक्त हूं और इस्कॉन की अनुयायी हूं। मैं कृष्ण की पावन नगरी की प्रतिनिधि हूं। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह विदेश नीति का मुद्दा नहीं है, बल्कि हमारी भावनाओं का विषय है। उन्होंने आगे कहा, बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।



### बांग्लादेश को भेजा जाए संदेश : सांसद सैकिया

वहीं, असम से भाजपा सांसद दिलीप सैकिया ने भी इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा, भारत की संसद में एक प्रस्ताव पारित कर बांग्लादेश सरकार हिंदुओं पर अत्याचार रोकने के लिए कार्रवाई करने का संदेश भेजा जाना चाहिए। सत्तारूढ़ दल के ही अनिल फिरोजिया ने इस मामले में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दखल देने का अनुरोध किया।

### ब्रिटिश सांसद ने अपनी सरकार से मामले में कार्रवाई करने कहा

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले को लेकर ब्रिटिश सांसदों ने चिंता जताई है। विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद हिंदुओं का सफाया (एथनिक क्लींजिंग) करने की कोशिश हो रही है। इस मामले पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी ब्रिटेन की है, क्योंकि उन्होंने ही बांग्लादेश को आजाद कराया था। कंजर्वेटिव सांसद प्रीति पटेल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा हो रही है, जिसे सरकार रोक नहीं पा रही है। हम इससे बहुत परेशान हैं। वहीं, लेबर पार्टी के सांसद बैरी गार्डिनर ने कहा कि ब्रिटिश सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रख रही है।



### अमेरिका ने भी जताई चिंता

अमेरिका ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि सरकार को बोलने की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का सम्मान करने की जरूरत है। अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है।

# द. कोरिया में 6 घंटे में ही मार्शल लॉ वापस, अब राष्ट्रपति यून पर चलेगा महाभियोग

एजेंसी ▶▶| सियोल (दक्षिण कोरिया)





दक्षिण कोरिया में मंगलवार रात बड़ा जबरदस्त बवाल मच गया, जब राष्ट्रपति यून सुक येओल ने देश में 'इमरजेंसी मार्शल लॉ' की घोषणा कर दी। हालांकि, इसके कुछ ही घंटों बाद उन्होंने यू-टर्न भी ले लिया। मंगलवार की रात, उन्होंने अचानक मार्शल लॉ की घोषणा की। 1980 के बाद ये पहला मौका था, जब दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लगाने का ऐलान किया गया। राष्ट्रपति यून ने अपने फैसले के पीछे "राज्य विरोधी ताकतों" और नॉर्थ कोरिया से खतरे का हवाला दिया। उन्होंने विपक्षी दलों पर कम्युनिस्ट नॉर्थ कोरियाई ताकतों का समर्थन करके सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। यून की घोषणा के बाद गियर पहने सैनिक संसद भवन में घुस गए और सैन्य हेलीकॉप्टरों को छत पर उतरते हुए भी देखा गया। हजारों प्रदर्शनकारी नेशनल असेंबली के बाहर इकट्ठा हो गए।

### रक्षामंत्री ने मांगी सार्वजनिक माफी

इस घटनाक्रम के बाद बुधवार को दक्षिण कोरिया की विपक्षी पार्टियों ने बुधवार को राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी और पांच छोटे विपक्षी दलों द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत इस प्रस्ताव पर शुक्रवार को मतदान हो सकता है। इधर, बुधवार को यून के वरिष्ठ सलाहकारों और मंत्रियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की पेशकश की है।


आठवीं पुण्यतिथि



जन्म: 14-09-1989
निधन 05-12-2016
स्व. गौरव अवस्थी
स्व. गौरव अवस्थी की आठवीं पुण्यतिथि 05.12.2024 पर सभी मित्रों और परिवार की ओर से अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि
तुम्हारे बगैर ये वक्त, ये दिन और रात गुजर तो जाते हैं मगर, गुजारे नहीं जाते...
शोकाकुल :- संतोष अवस्थी समस्त परिवार एवं मित्रगण
पी.आर.टी. कॉलोनी महादेवघाट, अमलेश्वर


# सीएम साय और दोनों डिप्टी सीएम ने की शाह से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा के देर शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लंबी मुलाकात की। तीनों नेता आज, बुधवार को अमित शाह के साथ विशेष बैठक करने ही दिल्ली पहुंचे थे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ प्रवास से ठीक पहले सूबे के शासन के तीनों प्रमुखों से एकसाथ मुलाकात को अहम माना जा रहा है। भाजपा सरकार के गठन के बाद सरकारी ओहदों पर छग में विभिन्न नेताओं को जिम्मेदारी दी जानी है। साथ ही मंत्रियों को नये सिरे से कार्य का बटवारा और कुछ मंत्रियों को इधर उधर करने की भी चर्चा लंबे दिनों से चल रही है।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने नक्सल विरोधी अभियानों की सफलता और राज्य पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बलों के तालमेल पर भी विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन, विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं और उनके प्रगति पर भी केंद्रीय गृह मंत्री को अपडेट दिया।

# पुंछ में आतंकवादियों ने सेना की पोस्ट पर किया ग्रेनेड हमला

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

- दहशतगर्दों की धरपकड़ में लगे सुरक्षाबल
- आर्मी कैंप की चारदिवारी के पास मिला फटे हुए ग्रेनेड का सेफ्टी पिन

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार तड़के आतंकवादियों ने एक सैन्य चौकी पर दो ग्रेनेड दागे जिनमें से केवल एक में विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ । उनके अनुसार सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए तलाश अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट क्षेत्र में एक सैन्य शिविर के पीछे सैन्य चौकी पर आतंकवादियों ने दो ग्रेनेड दागे जिनमें एक फटा। बाद में तलाश अभियान के दौरान विशेषज्ञों ने दूसरे ग्रेनेड को निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने बताया कि फटे हुए ग्रेनेड का सेफ्टी पिन सैन्य शिविर की चारदीवारी के समीप मिला।




शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान


### सांसद थरूर के साथ हुआ अजीबोगरीब वाकया

# बंदर दौड़कर पास आया, गले लगाया और लिपटकर सो गया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर के साथ अजीबोगरीब वाकया हुआ। उनके पास एक बंदर दौड़कर आया। बंदर ने सांसद थरूर को गले लगाया और फिर उनकी छाती पर सिर रखकर सो गया। सांसद ने एक्स पर पोस्ट में बंदर के साथ फोटो साझा करते हुए पूरा वाकया बताया। इसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा का दौर शुरू हो गया। यूजर्स ने उनकी पोस्ट पर प्रतिक्रियाएं दीं। थरूर ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि आज एक असाधारण अनुभव हुआ। सुबह जब मैं बगीचे में बैठकर अखबार पढ़ रहा था, तो एक बंदर अंदर आया, सीधे मेरी ओर बढ़ा और मेरी गोद में बैठ गया। उसने हमारे द्वारा दिए गए कुछ केले खा लिए, मुझे गले लगाया और अपना सिर मेरी छाती पर टिकाकर सो गया। जब मैं धीरे से उठने लगा, वह छलांग लगाकर भाग गया। थरूर ने लिखा कि वन्यजीवों के प्रति मेरे अंदर श्रद्धा है। हालांकि मैं बंदर के हमला करने को लेकर चिंतित था।

### यूजर ने किया कमेंट

इसे लेकर एक एक्स यूजर ने लिखा कि आपको हनुमानजी का आशीर्वाद मिला है। मैंने सभी तस्वीरों को जूम करके यह पता लगाया कि सबसे अच्छा सांसद कौन सा अखबार पढ़ रहा है। एक अन्य यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि प्रकृति के साथ सुंदर मिलन! ऐसे क्षण हमें अन्य प्राणियों के साथ हमारे गहरे, अव्यक्त संबंध की याद दिलाते हैं। उस बंदर का भरोसा आपकी दयालुता के बारे में बहुत कुछ कहता है। ऐसे अनुभव हमें रुकने और शब्दों से परे जीवन की सादगी और गर्मजोशी की सराहना करने के लिए प्रेरित करते हैं।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ



सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन
- ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024







# जनता ही जनार्दन, चुनेगी मेयर और अध्यक्ष, हटाने का पॉवर भी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में अध्यादेश जारी किया है। नगरीय निकायों में मेयर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। इसके साथ ही जनता को राइट टू रीकॉल का अधिकार भी होगा। यानी जनता जिन जनप्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार रखेगी, उसके पास चुने हुए प्रतिनिधियों, मेयर, अध्यक्ष को वापस बुलाने का अधिकार भी होगा। हाल ही में सरकार ने नगरीय निकायों में मेयर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करवाने का फैसला किया है। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम (संशोधन) अध्यादेश लागू किया है, इसे राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। इस संशोधन में कई बदलाव किए गए हैं। इसी क्रम में निगम के महापौर और पालिकाओं के अध्यक्ष को वापस बुलाने संबंधी मूल अधिनियम की धारा 23 क में संशोधन किया गया है।

खास खबर

## राज्य सरकार ने जारी किया अध्यादेश, निकायों में लागू हुआ राइट टू रीकॉल

### ऐसे बुलाया जा सकेगा महापौर को

इस संबंध में अध्यादेश में कहा गया है कि किसी निगम के प्रत्येक महापौर द्वारा अपना पद तत्काल रिक्त कर दिया गया समझा जाएगा यदि उसे ऐसी प्रक्रिया के अनुसार जो विहित की जाए, निगम क्षेत्र के मतदान करना वाले मतदाताओं की कुल संख्या के आधे से अधिक बहुमत द्वारा गुप्त ▶▶| शेष पेज 2 पर


साय सरकार का बड़ा फैसला, जनता सीधे चुनेगी निगम महापौर और पालिका अध्यक्ष

### अध्यक्ष को वापस बुलाने का होगा तरीका

*नगर पालिका में अध्यक्ष को वापस बुलाने की प्रक्रिया भी मेयर की तरह ही होगी। इसमें भी नगर पालिका परिषद के प्रत्येक अध्यक्ष द्वारा अपना पद तत्काल रिक्त कर दिया गया समझा जाएगा, यदि उसे ऐसी प्रक्रिया के अनुसार, जो कि विहित की जाए, नगरपालिका क्षेत्र के मतदाताओं की कुल संख्या के आधे से अधिक मतदाताओं के बहुमत द्वारा गुप्त मतदान से वापस बुलाया जाए। अध्यक्ष को वापस बुलाने की ऐसी कोई* ▶▶| शेष पेज 2 पर

## आरक्षक भर्ती प्रक्रिया से लगी रोक हटाई

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश में चल रही आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक हटा ली है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की बेंच में हुई। जिसमें पुलिस कर्मियों के बच्चों को मिलने वाली छूट को हटाया गया है। हाईकोर्ट ने स भी पुलिसकर्मियों के बच्चों की छूट को गलत माना है, वहीं पुलिस कर्मियों के परिजन की दी जा रही छूट को आर्टिकल 14 और 16 का उल्लंघन माना गया है। कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में पुलिस परिवार को दी जाने वाली विशेष छूट पर अब सभी अभ्यर्थियों को समान अधिकार देने का आदेश दिया है। हालांकि कोर्ट ने तीनों सेना, नक्सल प्रभावित इलाकों की सुरक्षा कर जवानों के परिवार, शहीद परिवार और खिलाड़ियों को विशेष छूट से वंचित नहीं किया है। कोर्ट से इस स्टे के हटने के बाद अब फिजिकल टेस्ट के बाद भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।



# सिद्धू को 850 करोड़ का नोटिस देने वाली रायपुर की सिविल सोसायटी पर 8500 करोड़ का दावा

*एनआईसीई अध्यक्ष डॉ. बिस्वरूप राय चौधरी ने सोसायटी से मांगे कीमोथैरेपी और सर्जरी से लाभ के सबूत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एलोपैथी की बजाय आयुर्वेद और औषधियों को खाने में शामिल कर पत्नी के कैंसर मुक्त होने नवजोत सिंह सिद्धू के दावों पर उपजा विवाद और गहरा गया है। पत्नी नवजोत कौर सिद्धू के डाइट संबंधी दस्तावेज देने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने उन्हें 850 करोड़ का नोटिस भेजा था। जिसके जवाब में नेटवर्क ऑफ इंफ्लूएंजा केयर एक्सपर्ट (एनआईसीई) के अध्यक्ष डॉ. बिस्वरूप राय चौधरी ने डॉ. सोलंकी को 8500 करोड़ का नोटिस भेजकर कीमोथैरेपी और सर्जरी से होने वाले लाभ का सबूत मांगा है। प्रसिद्ध क्रिकेटर और पंजाब के पूर्व कांग्रेस ▶▶| शेष पेज 2 पर



खास खबर

### प्रेस कान्फ्रेंस में यह कहा था सिद्धू ने

नवजोत सिंह सिद्धू ने प्रेस कान्फ्रेंस लेकर कहा था उनकी पत्नी कैंसर के लास्ट स्टेज में थी। डॉक्टरों ने कहा था उनके बचने के चांस केवल चार फीसदी हैं। सिद्धू के मुताबिक, उनकी पत्नी ने नींबू पानी, कच्ची हल्दी, सेब का सिरका, नीम की पत्तियां, तुलसी, कद्दू, अनार, आंवला, चुकंदर और अखरोट जैसी चीजें अपनी डाइट में शामिल की थीं। आयुर्वेद औ डाइट से ही उनकी पत्नी कैंसर मुक्त हो गई हैं।

### एलौपैथी डॉक्टर्स ने खोला मोर्चा

एलोपैथी और आंकोलॉजी से जुड़े चिकित्सकों ने सिद्धू से दिए गए बयान पर सबूत मांगे थे। टाटा मेमोरियल हास्पिटल के 262 आंकोलाजिस्ट ने इस बयान को लेकर नवजोत और श्रीमती सिद्धू को कटघरे में खड़ा किया था। यह विवाद छत्तीसगढ़ से तब जुड़ गया जब छत्तीसगढ़ की सिविल सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने सिद्धू को 850 करोड़ का नोटिस भेजकर पत्नी के लाइफस्टाइल में हुए बदलाव डिटेल मांगा था। नवजोत सिंह सिद्धू की तरफ से मामले में कोई जवाब नहीं आया मगर विवाद ने नया मोड़ ▶▶| शेष पेज 2 पर

*सिविल सोसायटी के डॉ. कुलदीप सोलंकी ने नवजोत सिद्धू की पत्नी से मांगे थे आयुर्वेद से ठीक होने के सबूत*

सोलंकी बोले-

### नहीं आया नोटिस

छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने कहा कि मेरे पास नोटिस नहीं आया है। नोटिस आने के बाद उचित कानूनी तौर पर जवाब देंगे।



### कैंसर से लड़ने वाले पोषक तत्व आयुर्वेद में मौजूद- डॉ. शुक्ला

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. हरीन्द्र मोहन शुक्ला ने कहा कि कैंसर से लड़ने के लिए शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता, विटामिन सी और ई के साथ रक्त की मात्रा अधिक होना जरूरी होता है। आयुर्वेद संबंधी औषधियों में इसके लिए सारे पोषक तत्व मौजूद हैं। औषधि तुलसी, ▶▶| शेष पेज 2 पर

### यह दिया गया तर्क

सिविल सोसायटी के सवाल के जवाब में डॉ. बिस्वरूप ने यह बताया कि वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि कीमोथेरेपी और सर्जरी से कैंसर रोगियों को लाभ नहीं होता। वे अक्सर जीवनकाल और जीवन की गुणवत्ता को कम करते हैं और श्रीमती सिद्धू का मामला कोई अपवाद नहीं है। 8500 करोड़ के नोटिस पर तर्क दिया गया है कि सिविल सोसायटी की नोटिस से कैंसर रोगियों में इस बात का भ्रम फैल रहा है कि कीमोथेरेपी और सर्जरी से कैंसर रोगियों को राहत मिल सकती है और दूसरी ओर आहार और जीवन शैली में बदलाव की ▶▶| शेष पेज 2 पर

पुरानी रंजिश की भी आशंका

## रसगुल्ले पर विवाद, नाबालिगों ने युवक का गला रेता, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत भाठापारा में एक शादी पार्टी में रसगुल्ले को लेकर उपजे विवाद में दो नाबालिगों ने मोहल्ले के ही सागर ठाकुर (23) को मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने मृतक के शरीर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। पुलिस ने बताया कि करीब 9- 10 बार प्रहार किए गए। इतने में भी मन नहीं भरा तो गला रेत दिया। इसकी वजह से मौके पर ही सागर ठाकुर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपियों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। उन्हें बाल संप्रेक्षण ▶▶| शेष पेज 2 पर



■ जेवरा सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत भाठापारा की घटना, आरोपियों ने किया सरेंडर

### चाकू से 9-10 बार किया वार

आरोपी नाबालिगों ने चाकू से 9-10 बार सागर पर वार किया। सागर का गला भी रेत दिया। दोनों आरोपियों की उम्र 15-16 वर्ष बताई गई है। ग्रामीणों के मुताबिक सागर ठाकुर को पेट में चाकू से वार करने के बाद आरोपियों ने गला भी रेत दिया। आशंका जताई जा रही है कि मृतक और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश थी। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।






## बस्तर समेत 4 राज्यों में डोली धरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग समेत महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बस्तर संभाग के कुम्हरावंड, पल्ली, धर्माउर, टेकामेटा धरमपुरा क्षेत्र में बुधवार को सुबह साढ़े 7 बजे भूकंप के झटके महसूस किए ▶▶| शेष पेज 2 पर

### तीव्रता 5.3 मापी गई

छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गई। झटके सुबह 07:27 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से 40 किलोमीटर नीचे रहा। भूकंप के झटके 15 से 20 सेकंड तक लगे। भूकंप में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।







## चिंतन

# महाराष्ट्र को साधने में सफल हुई भाजपा

वि धानसभा चुनाव के बाद भाजपा नीत महायुति को बहुमत मिलने के बावजूद अपना मुख्यमंत्री चुनने में करीब 12 दिनों का वक्त लग गया। आखिरकार महाराष्ट्र को साधने में भाजपा सफल हुई, भाजपा के खाते में सीएम पद आया और पूर्व सीएम व डिप्टी सीएम देवेन्द्र फड़णवीस महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें महायुति ने अपने विधायक दल का नेता चुना है। महायुति में सहयोगी व कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे की सियासी चकल्लस रुकावट बनी हुई थी। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव से लेकर वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव तक महाराष्ट्र की राजनीति में बहुत पानी बह चुका है। पिछले चुनाव में भी भाजपा व शिवसेना को बहुमत मिला था, लेकिन मुख्यमंत्री के सवाल पर उद्धव ठाकरे की जिद के चलते भाजपा सरकार नहीं बना पाई थी, उस वक्त उद्धव ठाकरे ने शरद पवार की पार्टी एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी की गठबंधन सरकार बनाई थी और खुद सीएम बने थे। यह सरकार करीब ढाई साल चली, उसके बाद एकनाथ शिंदे ने शिवसेना में बगावत की, शिवसेना दो-फाड़ हुई, उससे उद्धव की सरकार अल्पमत में आ गई, उन्हें पद छोड़ना पड़ा, महाविकास अघाड़ी की सरकार चली गई, शिंदे की शिवसेना ने भाजपा से गठबंधन किया। भाजपा के समर्थन से शिंदे महाराष्ट्र के सीएम बने। भाजपा व शिंदे की शिवसेना के गठबंधन में बाद में सिंचाई घोटाले के आरोपों का सामना कर रहे एनसीनी नेता अजित पवार एनसीपी से बगावत कर अपने समर्थक विधायकों के साथ शामिल हो गए। इस बार चुनाव मैदान में भाजपा, शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी की महायुति मैदान में उतरी, उसका मुकाबला उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस के गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) से था। इस चुनाव में माना जा रहा था कि एमवीए का पलड़ा भारी है, चूंकि लोकसभा के चुनाव में एमवीए ने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन विधानसभा चुनाव में महायुति ने शानदार जीत दर्ज की। 288 सीटों वाली विधानसभा में महायुति को 230 सीट मिली हैं, भाजपा को 132 सीटों पर विजय मिली। शिंदे की शिवसेना व अजित की एनसीपी को भी महायुति में भारी फायदा हुआ। कुछ वर्ष पहले लग रहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा व एकीकृत एनसीपी के बीच ही चुनावी समर तय होगा, पर अब प्रदेश राजनीतिक रूप से अधिक विभाजित हो गया है। अब नई सरकार के मुखिया के रूप में देवेन्द्र फड़णवीस के सामने महायुति के वादे पूरे करने की महती चुनौती होगी। उन्हें एकनाथ शिंदे व अजित पवार जैसे चतुर नेताओं को साध कर भी रखना होगा। शिंदे की महत्वाकांक्षा के चलते ही भाजपा नीत महायुति को सरकार गठन में इतना अधिक वक्त लगा। यूं तो भाजपा इस वक्त काफी मजबूत है , सियासी दबाव शिंदे व अजित पवार पर अधिक होगा। मुंबई आर्थिक राजधानी भी है और महाराष्ट्र में जलसंकट बड़ी समस्या है, मराठा आरक्षण इश्यू है, सिंचाई घोटाले जैसे मामले भी हैं, ऐसे में भाजपा नीत महायुति की नई सरकार के सामने महाराष्ट्र को विकास के अगले चरण में लेकर जाना कदापि आसान नहीं होगा। भाजपा की कोशिश प्रदेश की ताकत बनने व जनाधार बढ़ाने की भी है, जिसमें अपने सहयोगियों से तालमेल बिठाकर चलना कांटों के तीज पर चलने जैसा होगा। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में जीत से भाजपा का लोकसभा में खोया आत्मविश्वास लौट चुका है। वहीं कांग्रेस के लिए राष्ट्रीय मंथन का वक्त है।

# प्रकृति परीक्षण... स्वस्थ नागरिक से ही समृद्ध राष्ट्र



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भा रत की पूरी दुनिया में एक पहचान उसकी प्राचीन चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' से भी रही है। वैश्विक महामारी कोरोनाकाल के दौरान और इसके बाद देश और दुनिया में आयुर्वेद के प्रति लोगों का रूझान काफी बढ़ा है। दरअसल आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति ही नहीं बल्कि जीवन पद्धति है जिसमें व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वास्थ्य के सारे उपाय मौजूद हैं। आयुर्वेद का मूल सिद्धांत 'स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा एवं रोगी की चिकित्सा है' इस पद्धति के 85 फीसदी हिस्से में विभिन्न ऋतुओं में जनसामान्य के सेहतमंद रहने के लिए आवश्यक आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या और परहेज से संबंधित जानकारियां बताई गई है। आयुर्वेद में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही पूर्ण स्वास्थ्य माना गया है जिसे आधुनिक चिकित्सा विज्ञान 'एलोपैथी' और विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' ने भी मान्यता दी है। 'अष्टांग आयुर्वेद' में चिकित्सा के हर शाखाओं को बहुत ही वैज्ञानिक तौर पर विभक्त किया गया है। यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आयुर्वेद ने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को उसके विस्तार और विकास में राह दिखाई है। आयुर्वेद के आचार्य सुश्रुत को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने 'फादर ऑफ सर्जरी' की मान्यता देती है जिसके चलते दुनिया के अनेक मेडिकल कॉलेजों एवं संस्थानों में आचार्य सुश्रुत की प्रतिमा स्थापित है।

गौरतलब है कि आयुर्वेद अपने शुरूआत से ही स्वास्थ्य रक्षण के साथ ही औषधि चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में काफी विकसित और विज्ञान सम्मत था। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के वर्तमान विशेषज्ञता ' स्पेशलाइजेशन' और 'सुपर स्पेशलाइजेशन' के दृष्टिगत यदि अष्टांग आयुर्वेद पर गौर करें तो इस विधा में यह व्यवस्था हजारों साल पहले से मौजूद है। अष्टांग आयुर्वेद के तहत संपूर्ण आयुर्वेद आठ शाखाओं काय चिकित्सा, बाल रोग, भूत विद्या ( मनोरोग) , शालाक्य तंत्र ( नाक, कान और गला) , शल्य तंत्र, अगद तंत्र ( विष विज्ञान), रसायन चिकित्सा ( वृद्धावस्था जन्य रोग), वाजीकरण ( यौन समस्याओं से संबंधित) में विभक्त है। इन शाखाओं में उनके विशिष्टता के अनुसार व्यक्ति के स्वस्थ रहने और व्याधिग्रस्त होने पर उसकी प्रभावी चिकित्सा के लिए आवश्यक निदान, रोग विनिश्चय, औषधि, आहार और परहेज का उल्लेख है। यह एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसमें शिशु, किशोर, युवा, महिला और बुजुर्गों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपाय मौजूद हैं। दरअसल आयुर्वेद घर के रसोई से शुरू होकर जंगलों और समुद्रों में पाए जाने वाले खाद्यान्न, मसालों, वनोषौधियों, पाषाणों और सामुद्रिक मोतियों,सीप, शैवालों, वानस्पतिक और जांगम तक सिमटा हुआ है जिसका आधार पंच महाभूत पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश है। मतलब यह स्पष्ट है कि आयुर्वेद 'प्रकृति' के साथ ही तादात्म्य रखता है।



आयुर्वेद सिद्धांत अनुसार स्वास्थ्य के लिए तीन शारीरिक प्रकृतियों वात-पित्त-कफ में संतुलन आवश्यक है। आयुर्वेद के अनुसार हर व्यक्ति की अपनी विशिष्ट प्रकृति होती है जो गर्भाधान के समय ही निश्चित हो जाती है। किसी भी आयुर्वेद विशेषज्ञ या चिकित्सक के लिए प्रकृति का ज्ञान व्यक्ति के स्वास्थ्य रक्षा और चिकित्सा में महत्वपूर्ण होता है। विभिन्न शारीरिक प्रकृतियों के लोगों के लिए ऋतुओं के बदलाव के साथ सेहतमंद रहने के लिए खान-पान, दिनचर्या और ऋतुचर्या तथा परहेज बताए गए हैं। वर्तमान जीवनशैली, अनियमित खान-पान और शारीरिक श्रम की न्यूनता के कारण देश की एक बड़ी आबादी जीवनशैली गत गैर संचारी रोगों जैसे मोटापा, मधुमेह, हृदयरोग और कैंसर का शिकार हो रही है। भारत जो युवाओं के जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे युवा देश है लेकिन युवाओं की बड़ी आबादी बड़ी तेजी से गैर संक्रामक रोगों के गिरफ्त में है। युवा ही किसी देश के सबसे बड़े वर्कफोर्स 'कार्यबल' होते हैं जिन पर राष्ट्र का आर्थिक और सामाजिक विकास निर्भर होता है। किसी भी कार्यबल के उत्पादकता में उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण भूमिका होती है इन परिस्थितियों में यदि हमारे युवा बीमार रहेंगे तब देश के भविष्य का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।अनेक अंतरराष्ट्रीय शोध में यह बताया गया है कि आने वाले समय में भारत पूरी दुनिया में मधुमेह की राजधानी होगी। चूंकि जनस्वास्थ्य सरकार की जवाबदेही है लिहाजा गैर संचारी रोगों के बढ़ते आंकड़े जहां देश के अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा वहीं इलाज के बढ़ते खर्च के चलते एक बड़ी आबादी गरीबी रेखा से नीचे चली जाएगी। बिलाशक इन विसंगतियों का प्रभाव देश के आर्थिक और सामाजिक विकास पर पड़ेगा।

बहरहाल गैर संचारी रोगों के रोकथाम और नियंत्रण में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की प्रभावी भूमिका के दृष्टिगत केंद्रीय आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में बीते 'नवम आयुर्वेद दिवस ' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान संविधान दिवस 26 नवंबर से आरंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती 25 दिसंबर 2024 तक संपन्न होगा। अभियान का ध्येय वाक्य 'संकल्प स्वास्थ्य का, आधार आयुर्वेद का' रखा गया है। इस अभियान के तहत भारत के सभी आयुर्वेद महाविद्यालयों में अध्ययनरत स्नातक और स्नातकोत्तर के लगभग 1, 55,000 छात्र, 18.000 शिक्षक तथा शासकीय और निजी चिकित्सा कार्य कर रहे 3,00,000 से अधिक इस प्रकार लगभग 4,73,000 आयुर्वेद विधा से जुड़े लोग बतौर स्वयंसेवक 'वालेंटियर' 18 साल से अधिक आयु वाले नागरिकों का मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए ऑनलाइन प्रकृति परीक्षण करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में देशभर में एक करोड़ नागरिकों का प्रकृति परीक्षण करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रकृति परीक्षण के बाद नागरिकों को उनके फोन पर तुरंत ' डिजिटल प्रकृति कार्ड ' प्राप्त होगा। जिन नागरिकों का प्रकृति परीक्षण इस एप्लिकेशन के माध्यम से हुआ है उन्हें भविष्य में नोटिफिकेशन के द्वारा आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार अपनी प्रकृति के अनुरूप स्वस्थ रहने हेतु खान-पान, दिनचर्या, ऋतुचर्या, परहेज और महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होते रहेगा।

आधुनिक वैज्ञानिक मानकीकरण के दौर में जब दुनिया में नये नये संक्रामक महामारियां दुनिया के चिकित्सा विज्ञान के लिए चुनौती साबित हो रही है तब आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैज्ञानिक मानकों के कसौटी पर खरा उतरना आवश्यक है।आधुनिक चिकित्सा पद्धति के विकास के साथ ही आयुर्वेद के साथ एक मिथक जुड़ते गया कि इस विधा में अनुसंधान नहीं होता। सदियों पुरानी इस चिकित्सा पद्धति के बारे में व्याप्त मिथक के लिए बिलाशक मुगल शासन और ब्रिटिश हुकूमत जैसे ऐतिहासिक कारण जवाबदेह रहे हैं लेकिन स्वातंत्र्योत्तर भारत में भी यह चिकित्सा पद्धति हाशिए पर रही है। इसके पीछे मुख्य वजह इस पद्धति के बारे में नीति नियंताओं का पूर्वाग्रह रहा जो आयुर्वेद के वैज्ञानिकता को ही खारिज करते रहे हैं। इसके विपरित आयुर्वेद सदियों से घरों में घरेलू उपचार के नाम पर लोगों की पहली प्राथमिकता में रही है। आज भी देश की ग्रामीण और दुर्गम वनांचलों में रहने वाली अधिकांश आबादी की मातृ- शिशु स्वास्थ्य से लेकर रोजमर्रा के स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आयुर्वेदीय जड़ी- बूटियों और नुस्खों पर निर्भर है।

अलबत्ता यह कहने में जरा भी हिचक नहीं है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई एवं वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने भारत की इस 'बौद्धिक संपदा' के संरक्षण और संवर्धन के दिशा में बेहतर प्रयास किया है। भारत सरकार के प्रयासों का प्रतिफल है कि आज आयुर्वेद के क्षेत्र में जहां लगातार अनुसंधान हो रहे हैं वहीं इसके नुस्खों विकसित देशों में भी वैज्ञानिक मान्यता मिल रही है। 'हर घर आयुर्वेद' के उद्देश्य से शुरू किया गया प्रकृति परीक्षण अभियान आयुर्वेद के लोकव्यापीकरण और प्रसार के साथ ही इस विधा के अनुसंधान में भी सहायक सिद्ध होगा। दुनिया भर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के बढ़ते भरोसे के चलते ही इसके वैश्विक बाजार में आशातीत बढ़ोतरी हो रही है जिससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।बिलाशक यह प्रकृति परीक्षण अभियान जहां देशवासियों को सेहतमंद रखने में महत्वपूर्ण साबित होगा वहीं यह "विकसित भारत- 2047" के लक्ष्य पूर्ति में भी सहायक होगा आखिरकार स्वस्थ नागरिक से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह



# रेपो दर की कटौती में महंगाई बाधक

मौ द्रिक नीति समिति की बैठक 4 से 6 दिसंबर 2024 तक चलेगी, जिसमें विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा रेपो दर में कटौती होगा, क्योंकि एक लंबे समय से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है, जिसके कारण बैंकों का ऋण दर उच्च स्तर पर बना हुआ है और महंगी दर पर उधारी मिलने के कारण ऋण का उठाव कम है। कंपनियों के पास पूंजी की कमी है और इसके कारण देश में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ गई हैं। जुलाई से सितंबर 2024 के दौरान या चालू वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5.4 प्रतिशत रही,जो विगत 7 तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। गिरावट का मूल कारण विनिर्माण और खनन क्षेत्र में विकास दर में उल्लेखनीय कमी आना है। पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रही थी, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने ताजे अनुमान में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के लिए 7 प्रतिशत और अंतिम तिमाही के लिए 7.4 प्रतिशत जताया है, जबकि मुद्रास्फीति के वित्त वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। मौजूदा समय में मुद्रास्फीति दर उच्च स्तर पर बनी हुई है, जिनके कारण वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का बना रहना, भू-राजनैतिक संकट की निरंतरता, मानसून का अनुकूल नहीं रहना, खाद्य पदार्थों व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमत आदि हैं। अक्टूबर 2024 में मुद्रास्फीति 14 महीनों के उच्च स्तर 6.21 प्रतिशत पर थी, जबकि सितंबर 2024 में यह 5.5 प्रतिशत के स्तर पर थी। इसतरह,विगत 2 महीनों में औसत मुद्रास्फीति दर 5.9 प्रतिशत रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर में 0.25 आधार अंकों की वृद्धि की थी, जिससे रेपो दर बढ़कर 6.50 के स्तर पर पहुंच गया था। भले ही चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में कमी आई है, लेकिन वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.8 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत थी। हालांकि, मूडीज ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है, जबकि 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान 6.6 प्रतिशत जताया है, लेकिन ये वृद्धि दरें विश्व के कई विकसित देशों से बेहतर हैं। मूडीज ने 2025 और 2026 में भारत में मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5 प्रतिशत और 4.1 प्रतिशत जताया है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीददारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम हो जाती है। फिर,उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि मुद्रास्फीति को कम करने से ही विकास की गाड़ी तेज गति से आगे बढ़ सकती है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा तैयार एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई नवंबर, 2024 में 58.4 थी,जो अक्टूबर महीने में 58.5 थी। भले ही, पीएमआई नवंबर महीने में अक्टूबर महीने से 0.01 कम है, लेकिन यह सितंबर और अगस्त महीने से अधिक है। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना यह दर्शाता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में तेजी का रुख बना हुआ है। 15 नवंबर 2024 तक ऋण उठाव घटकर 11.1 प्रतिशत रह गया, जो विगत वर्ष आलोच्य अवधि में 20.6 प्रतिशत रहा था। इस अवधि में जमा वृद्धि दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है और इसकी औसत वृद्धि दर मार्च से महज 6.7 प्रतिशत है। फिलवक्त, जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई है और मुद्रास्फीति में तेजी। वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं, लेकिन मुद्रास्फीति के कई दुष्परिणाम होने के कारण मौद्रिक नीति समिति रेपो दर में कटौती करने से गुरेज़ कर रही है। केंद्रीय बैंक अभी भी महँगाई की चाल पर पैनी निगाह बनाये हुए है,क्योंकि यह विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है और यह कई प्रकार के दुष्परिणामों का जनक भी है। इसलिए, इस बार भी मौद्रिक नीति समिति रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रख सकती है।

(लेखक भारतीय स्टेट बैंक में सहायक महाप्रबंधक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

## महिमा राम नाम की



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रिज रूम में खट-खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम-राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम-राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम-राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नदियों का संरक्षण जरूरी

महात्मा गांधी ने कहा था कि नदियां हमारे देश की नाड़ियों की तरह हैं। यदि हम उन्हें गंदा करना जारी रखेंगे तो वो दिन दूर नहीं जब हमारी नदियां जहरीली हो जाएंगी। और अगर ऐसा हुआ तो हमारी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। जिन नदियों को हम माता समझते हैं, नदियों का प्रदूषण हमारे लिए भी किसी श्राप से कम नहीं हो सकता। मोदी सरकार ने गंगा को संभालने और इसके संरक्षण के उद्देश्य से भी वर्ष 2014 में नमामि गंगे नामक योजना लांच की थी। गंगा तभी पूरी तरह साफ होगी जब हम इसे साफ-सुथरा रखने का मन बनाएंगे। लोग गंगा नदी के किनारे जाते हैं पुण्य कमाने, लेकिन गंगा में पॉलीथीन या अन्य गंदगी डालने से परहेज नहीं करते। देश में नदियों के संरक्षण की सख्त जरूरत है। – *शैलेश वर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### नौसेना कर्मियों को सलाम



नौसेना दिवस पर, हम भारतीय नौसेना के बहादुर कर्मियों को सलाम करते हैं जो अद्वितीय साहस और समर्पण के साथ हमारे समुद्र की रक्षा करते हैं। उनकी प्रतिबद्धता हमारे राष्ट्र की सुरक्षा, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। हमें भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास पर भी बहुत गर्व है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पंजाब घटना पर चुप्पी



अरविंद केजरीवाल पंजाब में हुई घटना पर क्यों चुप हैं। यहां तो वे बहाना बना लेते हैं लेकिन जहां उनके पास पुलिस प्रशासन का कंट्रोल है, वहां स्वर्ण मंदिर में उनकी निकम्मी सरकार के कारण गोलियां चल रही हैं।
-डा. हर्षवर्धन, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### संभल जाने से क्यों रोका



पुलिस ने हमें संभल जाने से रोक दिया। विपक्ष के नेता होने के नाते यह मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि मैं वहां जाऊं। मैं अकेला जाने को भी तैयार हूं, लेकिन वे इसके लिए भी नहीं माने। यह संविधान के खिलाफ है। भाजपा क्यों डरी हुई है?
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### तांबे की खपत



अनुमान है कि अगले 25 वर्षों में दुनिया अब तक के इतिहास की तुलना में अधिक तांबे की खपत करेगी। हम इसे एक चुनौती के रूप में देख सकते हैं। लेकिन मैं इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखता हूं।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन ने बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी



ब्रिटेन सरकार ने बांग्लादेश के लिए जारी परामर्श को अद्यतन करते हुए ब्रिटिश नागरिकों को वहां की यात्रा करने को लेकर सचेत किया है। विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने बांग्लदेश लिए जारी परामर्श के सुरक्षा खंड की मंगलवार शाम समीक्षा की। अद्यतन परामर्श में "आवश्यक यात्रा" को छोड़कर किसी भी तरह की यात्रा करने के प्रति आगाह किया गया है। एफसीडीओ के यात्रा परामर्श में कहा गया, "बांग्लादेश में आतंकवादी हमले का प्रयास कर सकते हैं। परामर्श के अनुसार, कई जगह आतंकवादी हमले होने की आशंका है, जिनमें वे स्थान भी शामिल हो सकते हैं, जहां विदेशी नागरिक जाते हैं, जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके, धार्मिक स्थल, (और) राजनीतिक रैलियां आदि। कुछ समूहों ने ऐसे लोगों को निशाना बनाया है जिनके बारे में उनका मानना है कि उनके विचार और जीवनशैली इस्लाम के विपरीत हैं। परामर्श में कहा गया, धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों और पुलिस व सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर हमले किए गए हैं। इनमें प्रमुख शहरों में आईईडी हमले शामिल हैं। बांग्लादेशी अधिकारी योजनाबद्ध हमलों को विफल करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

## ऑफ बीट

# झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार



कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है।

रायपुर
गुरुवार, 5 दिसंबर 2024
अगहन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 139
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.4
न्यून. 20.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





3 फैंस के साथ बैठकर पुष्पा-2 देखेंगे...

विचार पेज
प्रकृति परीक्षण... स्वस्थ नागरिक...


## खबर संक्षेप

### नक्सलियों से मुठभेड़ हेड कांस्टेबल शहीद

**जगदलपुर।** नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगलों में बुधवार दोपहर नक्सलियों व सुरक्षाबल के बीच घंटों चली मुठभेड़ में डीआरजी के हेड कांस्टेबल शहीद



हो गए। अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। डीआरजी के हेड कांस्टेबल के शहीद होने की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने की है। जानकारी के मुताबिक माड़ के जंगलों में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोपहर एक बजे से पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग होती रही। दोनों ओर से घंटों चली गोलीबारी में एक जवान के शहीद होने की खबर है।

### भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे भूटान नरेश

**नई दिल्ली।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक गुरुवार



को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाना है। उनके साथ उनकी पत्नी जेटसन पेमा वांगचुक और भूटान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी यात्रा पर आएंगे।

### बस से 24 करोड़ की 'मेफेड्रोन' जब्त

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय ने हैदाराबाद से तस्करी करके यहां



लाए जा रहे 16 किलोग्राम 'मेफेड्रोन' को जब्त करके पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 24 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि तीन आरोपियों के पास से 1.9 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किए गए।

### दंपति और उनकी बेटी की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नेब सराय इलाके में अधेड़ दंपति और उनकी



बेटी की उनके घर में कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। तीनों की पहचान राजेश कुमार (51), उनकी पत्नी कोमल (46) और उनकी बेटी कविता (23) के रूप में हुई है। दंपति के बेटे अर्जुन ने घर लौटकर शवों को देखा।

### '50 पैसे' का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में पुलिस ने एक हत्याकांड के गवाह को धमकाने



के मामले में '50 पैसे' के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। शहर में पुलिस ने फरार अपराधियों के खिलाफ सांकेतिक इनाम घोषित करने का अनूठा अभियान शुरू किया है। सौरभ गौड़ (24) को गांधी नगर से गिरफ्तार किया गया।

## महायुति ने राज्यपाल के सामने पेश किया सरकार बनाने का दावा

# सस्पेंस खत्म, देवेंद्र को मिला महाराष्ट्र का सिंहासन, दो डिप्टी सीएम के साथ आज शपथ

*महाराष्ट्र में सीएम पद और सरकार गठन को लेकर चल रहा इंतजार बुधवार को खत्म हो गया। देवेंद्र फडणवीस अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, राकांपा नेता अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के पर्यवेक्षक विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थे। मुंबई के आजाद मैदान में गुरुवार को शाम 5:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विधान भवन में हुई विधायक दल की बैठक में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय रूपाणी ने घोषणा की कि फडणवीस (54) को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। बैठक में भाजपा की केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्य और केंद्र में 'डबल इंजन की सरकार' विकास को बढ़ावा देगी।

■ देवेंद्र भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए, शिंदे-पवार डिप्टी सीएम की लेंगे शपथ

फडणवीस ने उन पर भरोसा जताने के लिए भाजपा विधायकों को धन्यवाद दिया और कहा कि 20 नवंबर के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की भारी जीत प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए मंत्र 'एक हैं तो सेफ हैं' के कारण हुई। सूत्रों के अनुसार शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ▶▶| शेष पेज 2 पर





### फडणवीस ने कहा हम तीनों एक

भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम तीनों नेता एक हैं। डिप्टी सीएम और सीएम सिर्फ तकनीकी पद हैं। कौन-कौन शपथ लेगा, ये शाम तक बता दिया जाएगा। मैंने एकनाथ जी से सरकार में शामिल होने और डिप्टी सीएम बनने का अनुरोध किया था।

### शिंदे ने किया समर्थन

भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम का समर्थन किया है। एनसीपी नेता अजित पवार ने भी मेरे नाम की सिफारिश की।

### सर्वोत्तम राज्य बनाएंगे

एनसीपी नेता अजित पवार ने कहा कि हम सर्वोत्तम राज्य बनाने का प्रयास करेंगे। दिल्ली मैं किसी निजी काम से गया था। हम अच्छी सरकार देंगे। मैं तो शपथ लेने वाला हूं।

### पीएम, केंद्रीय मंत्री की मौजूदगी में समारोह

भाजपा नेता प्रसाद लाड ने कहा है कि यह समारोह महाराष्ट्र के लिए एक 'ऐतिहासिक क्षण' होगा, जिसमें 42,000 लोग हिस्सा होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नौ से 10 केंद्रीय मंत्री, 19 मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री भी समारोह में शामिल होंगे। 40,000 भाजपा समर्थकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है तथा विभिन्न धर्मों के नेताओं सहित 2,000 वीवीआईपी के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है।

### शपथ को तैयार पर गृह मंत्रालय पर अड़े शिंदे

सूत्रों ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम के साथ-साथ गृह मंत्रालय भी मांग रहे हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने साफ कर दिया है कि अगर गृह मंत्रालय नहीं मिलता है तो वो सरकार में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, फडणवीस ने एकनाथ शिंदे से इस मसले पर लगभग घंटेभर तक चर्चा की। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया है कि वो उनकी इस मांग पर हाईकमान से बात करेंगे।

### दिनभर रही सियासी सरगर्मी

- भाजपा पर्यवेक्षक विजय रूपाणी, निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में भाजपा की बैठक
- भाजपा विधायक दल की बैठक में फडणवीस चुने गए नेता
- फडणवीस के आवास के बाहर जश्न का दिखा माहौल
- राजभवन पहुंचे फडणवीस, शिंदे और अजित पवार
- तीन घंटे बाद शिंदे से फिर मिलने पहुंचे फडणवीस
- शिंदे सरकार में शामिल होने को तैयार हुए, रखी शर्त

## मुख्यमंत्री ने स्टेक होल्डर कनेक्ट वर्कशॉप को किया संबोधित

# नई औद्योगिक नीति में निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ में खुला रेड कारपेट- साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नए नए उद्योगों की स्थापना की व्यापक संभावनाएं हैं। यहां मिनरल्स का विपुल भंडार है, अनुकूल औद्योगिक वातावरण है, साथ ही उद्योग और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से चर्चा कर राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 तैयार की गई है। इस नवीन नीति में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रावधान शामिल किए गए हैं। नई औद्योगिक नीति के ▶▶| शेष पेज 2 पर




### उद्योग मंत्री ने कही ये बात

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की नवीन औद्योगिक नीति मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर किया गया है। नई नीति तैयार करने में उद्योगपतियों से सुझावों को शामिल किया गया है। इस नीति से प्रदेश में निवेश तो आएगा ही, नये उद्योगों की स्थापना होगी, साथ ही राज्य के लोगों को रोजगार मिलेगा। ▶▶| शेष पेज 2 पर

## तेज रफ्तार बनी दुर्घटना की वजह, पिकअप चालक गंभीर

# पिकअप से टकराई कार, मौके पर ही चार युवकों ने तोड़ा दम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रतापपुर

कार और पिकअप के बीच मंगलवार की रात हुई भिड़ंत में चार युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सवार तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि चौथे युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई। मरने वाले चार ▶▶| शेष पेज 2 पर

### क्षेत्र में पसरा मातम

मंगलवार की रात भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

### हुई है चार की मौत

*पिकअप व कार के बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई थी, जबकि कार सवार एक युवक और पिकअप चालक को अंबिकापुर रेफर किया गया था। कार सवार चौथे युवक की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।*

*-लक्ष्मण सिंह धुर्वे*
*थाना प्रभारी*

## गाजियाबाद बॉर्डर से लौटे दिल्ली

# संभल जाने से रोके गए राहुल-प्रियंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को संभल के लिए निकले थे, लेकिन उन्हें यूपी बॉर्डर पर ही रोक दिया गया। उनका काफिला आगे नहीं बढ़ सका। अब राहुल और प्रियंका के काफिले को वापस दिल्ली भेज दिया गया। संभल जाने के लिए राहुल और प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, केएल शर्मा, उज्जल रमन सिंह, तनुज पूनिया और इमरान मसूद साथ निकले थे। राहुल और प्रियंका, पिछले दिनों हुई हिंसा में मारे गए लोगों से मुलाकात करने के इरादे से जाना चाहते थे। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने संभल में 10 दिसंबर तक नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रवेश पर बैन है।

### जाम से गुस्सा, जड़ दिया थप्पड़

यूपी बॉर्डर पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के काफिले को रोकने के लिए सुबह से ही ट्रैफिक को रोक दिया गया था। घंटों जाम में फंसे रहने की वजह से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ही भिड़ गए। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को लोगों पर थप्पड़ भी जड़ दिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ मारपीट की।

## पूर्व आतंकवादी गिरफ्तार

# स्वर्ण मंदिर के बाहर सुखबीर पर चली गोली



एजेंसी ▶▶| अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के बाहर बुधवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर एक पूर्व आतंकवादी ने गोली चलाई, लेकिन वहां सादे कपड़े में मौजूद एक पुलिसकर्मी द्वारा आरोपी को पकड़ लिए जाने से उसका निशाना चूक गया और बादल बाल-बाल बच गए। पंजाब में शिअद सरकार द्वारा 2007 से 2017 तक की गई 'गलतियों' के लिए स्वर्ण मंदिर में 'सेवादार' के रूप में बादल की सजा का यह दूसरा दिन था, जिसे 'कवर' करने पहुंचे मीडियाकर्मियों के कैमरे में हमले का पूरा दृश्य 'रिकॉर्ड' हो गया। टेलीविजन पर प्रसारित दृश्यों में बादल (62) एक पैर की हड्डी टूटने की वजह से 'व्हीलचेयर' पर बैठकर सेवा करते दिखते हैं।

### खालिस्तानी समर्थक आरोपी चौरा

आरोपी नारायण सिंह चौरा का आपराधिक रिकॉर्ड 2004 तक है, जिसमें चंडीगढ़ और पंजाब के अन्य इलाकों में भी कई मामलों की रिपोर्ट दर्ज हुई। उसे 2004 के बुड़ैल जेलब्रेक मामले का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। हमलावर नारायण सिंह का संबंध खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा से है। कहा जा रहा है कि वह 1984 में पाकिस्तान गया था और पाकिस्तान से पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की स्मगलिंग करता था।

### पूर्व आईएएस टुटेजा को नहीं मिली नियमित जमानत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शराब घोटाले में फंसे पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को नियमित जमानत पर रिहा करने से इंकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लेख करते हुए तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि उपरोक्त अपराधों के लिए निर्धारित दंड की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए और उपरोक्त मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की बाध्यकारी टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए कि भ्रष्टाचार राष्ट्र का दुश्मन है और भ्रष्ट लोक सेवकों का पता लगाना और ऐसे व्यक्तियों को दंडित करना आवश्यक है।







## जैकेट के शेष

### ऐसे बुलाया जा .....

मतदान से वापस बुलाया जाए। वापस बुलाने की ऐसी कोई प्रक्रिया तब तक आरंभ नहीं की जाएगी, जब तक कि निर्वाचित पार्षदों की कुल संख्या के कम से कम तीन चौथाई पार्षदों की कुल संख्या के कम से कम तीन चौथाई पार्षदों द्वारा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर न कर दिए जाएं और उसे संभागीय आयुक्त को प्रस्तुत न कर दिया गया हो। यह प्रक्रिया मेयर के कार्यकाल के दो साल बाद की जा सकेगी। तीन चौथाई पार्षदों द्वारा वापस बुलाए जाने के प्रस्ताव को कमिश्नर राज्य सरकार को भेजेंगे, राज्य सरकार उसे राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेगा। इसके बाद आयोद वापस बुलाने के लिए मतदान की व्यवस्था करेगा।

### अध्यक्ष को वापस ....

प्रकिया तब तक आरंभ नहीं की जाएगी, जब तक कि निर्वाचित पार्षदों की कुल संख्या के कम से कम तीन चौथाई पार्षदों द्वारा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर न कर दिए जाएं और उसे कलेक्टर को प्रस्तुत न कर दिया जाए। अध्यक्ष की वापसी भी उसके कार्यकाल के दो साल पूरे होने के बाद हो सकेगी।

### सिद्धू को 850 करोड़ ....

अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने दावा किया था एलोपैथी दवाओं को बंद कर आयुर्वेद की औषधियों को अपनाने से चालीस दिन के भीतर पत्नी ने कैंसर से जंग जीती। उनके इस बयान के बाद देशभर के एलोपैथी चिकित्सकों में हड़कंप मच गया था और विवाद की स्थिति बन गई थी।

### एलौपैथी डॉक्टर्स ....

ले लिया है। डॉ. सोलंकी और छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी को 8500 करोड़ का नोटिस जारी कर एनआईसीई के अध्यक्ष तथा प्रसिद्ध न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. बिस्वरूप राय चौधरी ने कीमोथैरेपी और सर्जरी से होने वाले लाभ के सबूत मांगे हैं। जारी नोटिस में उन्होंने कहा कि सिद्धू की पत्नी का आहार उनके द्वारा निर्धारित किया गया है इसलिए जवाबी नोटिस जारी करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है।

### कैंसर से लड़ने वाले ....

अदरक लौंग, इलायची, दालचीनी, आंवला, सहित अन्य औषधियों को नियमित आहार में शामिल करने से जीवनकाल में वृद्धि के साथ स्वस्थ शरीर की प्राप्ति होती है। इनके सेवन से शरीर को कैंसर सहित अन्य बीमारियों का कारण बनने वाले तत्व समाप्त हो जाते हैं।

### यह दिया गया ...

कैंसर से उबरने में कोई भूमिका नहीं है। सात दिन के भीतर डा. कुलदीप सोलंकी से सबूत मांगा गया है कि कीमोथेरेपी और सर्जरी जैसे पारंपरिक कैंसर उपचार से रोगियों की गुणवत्ता और जीवन अवधि में सुधार हो सकता है।

### रसगुल्ले पर विवाद...

गृह भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि भाठापारा के सामुदयिक भवन में पूर्व सरपंच रीना गुलाब साहू के यहां शादी थी। इस दौरान खाना परोसने की जिम्मेदारी गांव के सागर ठाकुर को दी गई थी। पार्टी में डीजे भी चल रहा था। आधी रात गांव के दो नाबलिग नशे की हालत में खाना खाने पहुंचे। उन्होंने सागर से रसगुल्ले की डिमांड की। रसगुल्ला लेने के बाद लगातार रसगुल्ले की डिमांड कर रहे थे। इसी बात को लेकर सागर ने देने से इंकार कर दिया। उसके बाद दोनों नाबालिग ने सागर के साथ विवाद शुरू कर दिया। बात हाथापाई तक पहुंच गई। बाद में आरोपी सागर को बहला फुसलाकर बाहर ले गए।

### बस्तर समेत 4 ....

गए। जैसे ही भूकंप के कंपन का अहसास हुआ लोग घरों के बाहर निकल गए। इसके अलावा मार्निंग वॉक पर निकले लोगों ने भी भूकंप झटके महसूस किए और तुरंत सावधानी बरती। हालांकि घरों में सोए लोगों ने कहा कि उन्होंने पता ही नहीं चला है कि धरती कांपी है। छत्तीसगढ़ के भोपालपटनम से सटे तेलंगाना के मुनुगु कस्बा में भूकम्प का केंद्र रहा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक भूकम्प का केंद्र जमीन के 40 किमी नीचे बना रहा। भूकम्प की तीव्रता रियेक्टर पैमाने पर 5.3 आंका गया। हालांकि भूकंप से छत्तीसगढ़ के पश्चिम छोर पर सटे भोपालपटनम में कही कोई जन अथवा धनहानि की सूचना नहीं है,जो बड़ी राहत वाली खबर है।

## पेज एक के शेष

### सस्पेंस खत्म, देवेंद्र ....

(राकांपा) के अजित पवार गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। विधान भवन में हुई बैठक में भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत पाटिल ने विधायक दल के नेता के रूप में फडणवीस के नाम का प्रस्ताव रखा। विधायक दल की बैठक से पहले यहां हुई भाजपा कोर कमेटी की बैठक में शीर्ष पद के लिए फडणवीस के नाम पर मुहर लगी। फडणवीस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात कर राज्य में नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेगा। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए चुनाव में भाजपा ने शानदार सफलता हासिल की और राज्य की 288 विधानसभा सीट में से 132 सीट हासिल की, जो राज्य में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अपने सहयोगियों - एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राकांपा के साथ, भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति के पास 230 सीट का भारी बहुमत है। फडणवीस ने मंगलवार को कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से दक्षिण मुंबई में स्थित उनके आधिकारिक आवास 'वर्षा' में मुलाकात की, जो पिछले सप्ताह दिल्ली में सरकार गठन के लिए हुई चर्चा के बाद दोनों नेताओं की पहली आमने-सामने की मुलाकात थी।

### नई औद्योगिक नीति ....

रूप में निवेशकों के लिए रेड कारपेट छत्तीसगढ़ में खुला है। निवेश की जटिलताएं अब छत्तीसगढ़ में नहीं रहीं। सिंगल विंडो सिस्टम ने सब कुछ बहुत सरल कर दिया है। श्रीय साय ने बुधवार को यह बात नवा रायपुर में नीति आयोग एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संयुक्त रूप से "छत्तीसगढ़ की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम (स्टेक होल्डर कनेक्ट वर्कशॉप)" को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य दिया है। इसके लिए हमें विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना होगा। विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देते हुए छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

**32 हजार 225 करोड़ के निवेश के लिए इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर** : मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में राज्य के 27 बड़े औद्योगिक समूहों को नवीन पूंजी निवेश के प्रस्ताव के संबंध में 32 हजार 225 करोड़ रुपए के निवेश के लिए इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर प्रदान किए। इनमें राज्य के कोर सेक्टर के साथ ही नये निवेश क्षेत्रों जैसे आईटी, एआई, डाटा सेंटर, एथेनॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, कम्प्रेस्ड बायो गैस जैसे क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा। इनमें शिवालिक इंजीनियरिंग, मां दुर्गा आयरन एण्ड स्टील, एबीआरईएल ग्रीन एनर्जी, आरएजी फेरो एलायज, रिलायंस बायो एनर्जी, यश फैंस एण्ड एप्लायंसेस, शांति ग्रीन्स बायोफ्यूल, रेक बैंक डाटा सेंटर आदि सम्मिलित हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नवीन औद्योगिक नीति में रोजगार सृजन, निर्यात प्रोत्साहन और उद्योगों की मंजूरी और स्थापना की प्रक्रिया के सरलीकरण पर फोकस किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने बताया कि नवीन औद्योगिक विकास नीति में राज्य की प्राथमिकताओं एवं राज्य में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिये प्रावधान किये गये हैं । कार्यक्रम में आयोजित पैनल डिस्कशन में रोजगारवर्धक औद्योगिक विकास में औद्योगिक अधोसंरचना, नीति समर्थन एवं उद्योग स्थापना के लिए औपचारिक आवश्यकताओं को कम करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उद्योग मंत्री ने ....

नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार संजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ निवेशकों के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। छत्तीसगढ़ के नवीन औद्योगिक नीति की हर तरफ प्रशंसा की जा रही है। इस नीति से प्रदेश में सस्टेनेबल औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। नई नीति में एमएसएमई उद्योगों को सशक्त बनाने का अच्छा प्रयास किया गया है। नये क्षेत्रों में निवेश के लिए इंसेन्टिव स्कीम तैयार की गई है। इस उद्योग नीति में रोजगार सृजन महत्वपूर्ण पहलू है।

### पिकअप से टकराई .....

युवकों में से तीन आपस में रिश्तेदार थे। वहीं इस घटना में पिकअप चालक भी घायल हुआ है जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक साथ चार युवकों की मौत से क्षेत्र में मातम पसर गया है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया हौ और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात 11 बजे प्रतापपुर के ग्राम गोवर्धनपुर निवासी 24 वर्षीय प्रियांशु पटेल आ. प्रतोष पटेल, 23 वर्षीय दीपक पटेल आ.मिथलेश पटेल, 21 वर्षीय पुष्पेंद्र पटेल आ.सुरेंद्र पटेल व बटई निवासी विनय यादव कार क्रमांक सीजी 29 एई 7704 से रात को अम्बिकपुर जाने के लिए निकले थे। इस दौरान रात लगभग 11.30 बजे जैसे ही कार सवार गोटगवां के समीप पहुंचे की सामने से आ रहे तेज रफ्तार टमाटर लोड पिकअप क्रमांक यूपी 64 एटी 6380 से उनकी भिड़ंत हो गई। टकराने के बाद कार के एयरबैग खुल गए लेकिन टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि पिकअप भी टक्कर के बाद पलट गया। टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे।

**घंटों मशक्कत के बाद निकाले गए शव** : भिड़ंत में कार सवार प्रियांशु पटेल, दीपक पटेल, पुष्पेंद्र पटेल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। घायल कार सवार विनय यादव और पिकअप चालक अम्बिकपुर फुंदुरडिहारी निवासी 42 वर्षीय विक्रम सिंह बड़ा को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को अम्बिकपुर रिफर किया गया था जहां विनय यादव की मिशन अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं पिकअप चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद युवकों के शव कार के अंदर बुरी तरह से फंसे हुए थे जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा बाहर निकाला गया।

**बीच सड़क पर खराब पड़ा था ट्रैक्टर ट्राली** : गोटगवां में हुई इस दुर्घटना के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है लेकिन बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई वहां पहले से ही एक गन्ना लोड ट्रैक्टर का ट्राली दुर्घटनाग्रस्त पड़ा हुआ था। हादसे के समय अचानक ही ट्राला सामने आने के कारण संभवतः युवकों ने अपनी कार मोड़ दी और इसी दौरान सामने से आ रहे पिकअप से उनकी भिड़ंत हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि गोटगवां में आए दिन सड़क हादसे होते है इसके बाद भी जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों ने समय रहते ट्रैक्टर ट्राली को नहीं हटवाया गया।

# बीएसएनएल के मामले पर लोकसभा में हुई सत्ता पक्ष और विपक्ष की भिड़ंत

*सरकार बोली, घाटे से मुनाफे में है बीएसएनएल, विपक्ष का तंज, सदन में ज्यादातर लोग जियो का करते हैं उपयोग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



देश के सबसे पुराने संचार नेटवर्क भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के मामले पर बुधवार को लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वाद-विवाद देखने को मिला। जिसमें सरकार से केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रश्नकाल में सदन को बताया कि केंद्र ने घाटे में चल रहे बीएसएनएल को मुनाफे में ला दिया है। वर्तमान में इसमें कुल करीब 55 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। इनके मान-सम्मान और देखभाल की पूरी जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल से नवंबर महीने तक बीएसएनएल के 90 लाख उपभोक्ता बढ़ें हैं। पहले इनकी संख्या 8 करोड़ 80 लाख थी और अब ये बढ़कर 9 लाख 70 हजार हो गई है। इस पर बेहद नाराजगी के साथ शिवसेना (यूबीटी) के महाराष्ट्र से सांसद अरविंद सावंत ने सरकारी जवाब को नकारते हुए कहा कि इतना झूठ कैसे बोलते हैं? सत्ता पक्ष बताए कि सदन में कितने लोग बीएसएनएल का फोन इस्तेमाल करते हैं। सब लोग जियो का प्रयोग करते हैं? अरविंद की इस टिप्पणी के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें टोकते हुए कहा कि सरकारी जवाब को चुनौती मत दीजिए। संसद में व्यवस्था बीएसएनएल की है, इसे ही प्रयोग करना पड़ता है।

## अमेरिका ने दो भारतीय सहित 35 कंपनियों और जहाजों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के तेल का अन्य देशों में परिवहन करने वाली 35 कंपनियों और जहाजों पर मंगलवार को प्रतिबंध लगा दिया। इनमें भारत की दो कंपनियां भी शामिल हैं। भारत की जिन दो कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें 'फोनिक्स' का प्रबंधन और संचालन करने वाली 'विजन शिप मैनेजमेंट एलएलपी' और 'टाइटशिप शिपिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात, चीन, लाइबेरिया, हांगकांग सहित अन्य देशों की कंपनियों और जहाजों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं।

## 100 साल पुराने बॉयलर एक्ट 1923 की जगह लेगा नया कानून

■ राज्यसभा ने नये विधेयक को ध्वनितमत से किया पारित

सौ साल पुराने मूल कानून की जगह लेने और व्यापार में सुगमता के लिए बॉयलर (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा ने बुधवार को पारित कर दिया। इसमें बॉयलर के अंदर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस विधेयक के पास होने से सरकार केंद्रीय बॉयलर बोर्ड का गठन कर सकेगी। बॉयलर विधेयक 2024 के सदन से पास होने और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून का शक्ल अख्तियार करत हुए बॉयलर एक्टर 1923 इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जएगा। संबंधित व्यापार करने वाले औद्योगिक जगत और उनमें काम करने वाले कामगारों के लिए भी नया कानून आकार लेते ही पूर्व के कडे प्रावधानों से न केवल राहत मिल सकेगी, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'इज ऑफ डूइंग' के परिकल्पना को नया आकार मिल सकेगा। राज्यसभा में विधेयक ध्वनिमत से पारित होने के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सौ सौ साल पुराने कानून देश में चल रहे हैं।

## भारत ने फलस्तीन के पक्ष में किया मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें पूर्वी यरुशलम सहित 1967 से कब्जाए गए फलस्तीनी क्षेत्र से इजराइल से वापस जाने का आह्वान किया गया है तथा पश्चिम एशिया में व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने के आह्वान को दोहराया गया है। सेनेगल द्वारा प्रस्तुत 'फलस्तीन के प्रश्न का शांतिपूर्ण समाधान' विषयक मसौदा प्रस्ताव को मंगलवार को 193 सदस्यीय महासभा में भारी बहुमत से स्वीकार कर लिया गया। भारत उन 157 देशों में शामिल था जिन्होंने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि आठ सदस्य देशों - अर्जेंटीना, हंगरी, इजराइल, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी और अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया। कैमरून, चेकिया, इक्वाडोर, जॉर्जिया, पैराग्वे, यूक्रेन और उरुग्वे ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के आधार पर पश्चिम एशिया में बिना किसी देरी के व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की प्राप्ति तथा पूर्वी यरुशलम सहित 1967 में शुरू हुए इजराइली कब्जे को समाप्त करने का आह्वान दोहराया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

Email ID:- cmopipariya@gmail.com

क्रमांक 1143/ लो.नि.वि./ तक./ न.पं./2024-25 पिपरिया, दिनांक 03.12.2024

**॥ मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण ॥**

एतद् द्वारा नगर पंचायत पिपरिया द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 अधोसंरचना विकास मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण / सौन्दर्यीकरण कार्य कराये जाने हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में जीवित पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'A' में छ.ग. लोक निर्माण भवन एसओआर (दि. 01.01.15 से प्रभाव शील) सामान / कम / अधिक % दर एवं सामाग्री दर पर पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से त्रि- लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदा इस कार्यालय में आमंत्रित किया जाता हैं।

निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 12.12.2024
निविदा प्रपत्र प्रदान करने की तिथि :- 16.12.2024
निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 23.12.2024 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 23.12.2024 शाम 04:00 से

टीपः- उपरोक्त कार्य की निविदा से संबंधित अन्य समस्त जानकारियाँ कार्यालय न.पं. पिपरिया के सूचना पटल एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पिपरिया

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें
** पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें.. **



## आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार गौरी सिन्हा पति संतोष कुमार निवासी ग्राम बरही, तहसील बालोद, जिला- बालोद छ.ग. का जन्म दिनांक 05/07/1976 को हुआ है। इनके पति संतोष कुमार ने अपने सेवा पुस्तिका में भूलवश 15/06/1978 दर्ज करा लिया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। गौरी सिन्हा का वास्तविक जन्म दिनांक 05/07/1976 को हुआ है, उनके समस्त दस्तावेजों में सहीं जन्मदिवस लिखा हुआ है, मात्र सेवा पुस्तिका में जन्मतिथि 15/06/1978 लिखा है, जिसे सुधार कर जन्मतिथि 05/07/1976 पढ़ा व समझा जावे। अतएव सूचना जाने।

स्थान- बालोद
दिनांक :- 03/12/2024

भवदीय
नारायण टुवानी अधिवक्ता
जिला न्यायालय बालोद
जिला - बालोद छ.ग.
मो.नं. - 94241-17001



## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित होवे कि मैं आम सूचना प्रकाशनकर्ती डॉ. श्रीमती इम्तियाज खान उम्र-80 वर्ष पिता स्व. हबीबउल्लाह निवासी मकान नं. मेसनेट 30 / एच.आई.जी.-18, सेक्टर-2, शंकर नगर रायपुर छ.ग. हाल मुकाम खान नर्सिंग होम इन्द्रपुरी कोरिनभाटा, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग. यह आम सूचना प्रकाशित करती हैं कि :-

1. मैंने दिनांक 20/04/2017 को अपने छोटे पुत्र डॉ. आफताब आलम को परिवार के सदस्यों के समक्ष मुंहजबानी घोषणा करके अपने स्वामित्व, आधिपत्य के मकान स्थित शंकर नगर, रायपुर जिसका मकान नं.-एच.आई. जी.-18, सेक्टर-2, शंकर नगर रायपुर छ.ग. को मौखिक हिबा में देकर हिबानामा की लिखा-पढ़ी दिनांक 17/11/2017 को की हूँ, जिसे एच. बी. गाजी नोटरी राजनांदगांव छ.ग. द्वारा दस्तावेजों को नोटराईज्ड किया गया है। दिनांक 20/04/2017 को ही मेरे छोटे पुत्र ने नोटरी एच.बी. गाजी के समक्ष हिबानामा कि स्वीकारोक्ति कर उक्त दिनांक को ही मुझसे कब्जा प्राप्त कर लिया, स्वीकारोक्ति कि भी लिखित उक्त दिनांक को ही गवाहों एवं एच. बी. गाजी के समक्ष की गई है।

2. मुझ प्रकाशनकर्ती को इस बात की जानकारी नहीं थी कि एक बार हिबानामा होने के बाद उस संपत्ति के बाबत दूसरा किसी अन्य के नाम हिबानामा नहीं किया जा सकता, यदि 20/04/2017 के हिबानामा के पश्चात मेरे द्वारा किसी अन्य के लिये उक्त मकान एवं भूमि का हिबानामा गया है तो उसे निरस्त व शून्य माना जावे।

3. मैंने दिनांक 07 नवम्बर 2022 को नोटरी श्रीमान के. डी. वर्मा के समक्ष एक शपथ पत्र अपने पुत्र आफताब आलम को लिखकर दी हूँ, जिसे मेरे पुत्र द्वारा न्यायालय श्रीमान सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 रायपुर के समक्ष दिनांक 20/04/2023 को आदेश -7 नियम-14 (1) सहपठित धारा- 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के आवेदन के साथ प्रस्तुत किया है।

4. मेरे बड़े पुत्र इंतेखाब आलम खान द्वारा दिनांक 20/04/2017 में आफताब आलम को किये गये संपत्ति के हिबानामा की जानकारी होने के पश्चात भी मुझसे एक पारिवारिक दान पत्र दिनांक 30/12/2019 को मुझसे निष्पादित अपने हक में करवा लिया है जो कि दिनांक 20/04/2017 के हिबानामा के समक्ष मुझ पर बंधनकारी न होकर शून्य है। मुझे विधि की जानकारी नहीं थी इसलिये मेरे द्वारा दिनांक 30/12/2019 को पारिवारिक दान पत्र लिखा गया था।

5. मेरे छोटे पुत्र आफताब आलम द्वारा श्रीमान सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 रायपुर के समक्ष एक दावा वास्ते उद्घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का पेश किया है जिसका प्रकरण क्रं.-104 ए/2021 जिसमें आगामी पेशी दिनांक 09/12/2024 है।

6. मैं एक उम्रदराज महिला हूँ, मेरी तबीयत भी ठीक नहीं रहती है, और मैं अपने पुत्र आफताब आलम द्वारा न्यायालय में पेश प्रकरण में प्रतिवादी हूँ, मेरा न्यायालय में कथन होने में देर है, इसलिये मैं इस आम सूचना का प्रकाशन करवा रही हूँ, जिससे आफताब आलम को पूर्व में किये गये हिबानामा दिनांक 20/04/2017 की तसदीक हो सके।

इस आम सूचना प्रकाशन के पश्चात भी यदि कोई भी वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्धशासकीय संस्थान। व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा इस आम सूचना प्रकाशन में प्रकाशित संपत्ति के संबंध में कोई बैग / बखशीष बैनामा, विनिमय बंधक करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। इस आम सूचना प्रकाशन के पश्चात और व्यवहारवाद एवं न्यायालय मे लंबित रहने के दौरान की गई कोई भी कारवाही इस संपति के संबंध में अंतरण मुझ पर या मेरे पुत्र आफताब आलम पर बंधनकारी नहीं होगी तो सूचना जाने।

स्थान :- राजनांदगांव
दिनांक :- 04/12/24

आम सूचनाकर्ती.
डॉ. श्रीमती इम्तियाज खान उम्र-80 वर्ष
पिता स्व. हबीबउल्लाह
निवासी- मेसनेट 30/एच.आई.जी.-18,
सेक्टर-2, शंकर नगर रायपुर छ.ग.
हाल मुकाम खान नर्सिंग होम इन्द्रपुरी
कोरिनभाटा, तहसील व. जिला राजनांदगांव


## शिवसेना-यूबीटी की बैठक में बोले उद्धव 'हम आगे अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कर सकते हैं'



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) आगामी निकाय चुनावों को लेकर तैयारी तेज कर दी। मंगलवार को मुंबई में पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने एक बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने इस बैठक में बताया कि आने वाले समय में उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कर सकती है। उन्होंने यह बयान अगले कुछ महीनों में होने वाले निकाय चुनावों और विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के मद्देनजर दिया। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी सदस्यों से शिवसेना (यूबीटी) की हिंदुत्व समर्थक विचारधारा पर उठ रहे सवालों को खारिज करने और एकनाथ शिंदे गुट के दावों का विरोध करने को कहा। उद्धव ने अपने निजी आवास मातोश्री में बैठक का आयोजन किया था। इस बैठक में उन्होंने नगरसेवकों को संबोधित करते हुए पार्टी को आगामी स्थानीय निकाय चुनावों, विशेषकर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## 'पुरुषों को भी मासिक धर्म होता तब वो समझ पाते'

महिला जजों को हटाने पर हाईकोर्ट पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महिला सिविल जजों की सेवाएं समाप्त करने और उन्हें बहाल करने से इनकार करने पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट को फटकार लगाई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर पुरुषों को मासिक धर्म होता तो वे समझ पाते। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जब न्यायाधीश मानसिक और शारीरिक रूप से पीड़ित हों तो मामलों के निपटान की दर कोई पैमाना नहीं हो सकती। बार एंड बेंच की खबर के अनुसार, मध्य प्रदेश में महिला सिविल जजों की सेवाएं समाप्त करने और उनमें से कुछ को बहाल करने से इनकार करने के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए पीठ हाई कोर्ट के रवैये से नाराज थी।

### यह है मामला

सर्वोच्च न्यायालय ने जनवरी में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जून 2023 में 6 जजों की बर्खास्तगी पर स्वतः संज्ञान लिया था। इन 6 महिला न्यायिक अधिकारियों की सेवाएं हाई कोर्ट की सलाह पर मध्य प्रदेश सरकार ने समाप्त कर दी थीं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उन महिला अधिकारियों में से एक के मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की, "जब न्यायाधीश मानसिक और शारीरिक रूप से पीड़ित हों तो मामले का निपटारा दर कोई पैमाना नहीं हो सकता।"


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोहित साहू निवासी वार्ड न. 3, मकान नं. 46, बनियाटोली, जशपुरनगर (छ.ग.) उनके द्वारा ग्राम बल्दीडीह प.ह.न. 8, तहसील पिथौरा व जिला महासमुंद स्थित भूमि खसरा नं. 628 कुल रकबा 5.00 हे. भूमि पर रेत खदान का पर्यावरण स्वीकृति राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक EC Identification No. EC24C0107CG5662310N, दिनांक 07/08/2024 को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई। जिसका अवलोकन भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वेबसाईटः parivesh.nic.in पर किया जा सकता है।

कृते
श्री रोहित साहू



**Public Notice to General Public of Caveat to be lodged in the High Court of Chhattisgarh Under Rule 145 of High Court of Chhattisgarh Rules, 2007**

Whereas the State of Chhattisgarh has conferred upon CG State Power Transmission Co. Ltd. the powers of a telegraph Authority under the Indian Telegraph Act, 1885 for placing of electric lines invoking which, under permission from Energy Department of the State of Chhattisgarh, CG State Power Transmission Co. Ltd. has undertaken construction of 35 Kms long 220 KV DCDS Transmission line connecting existing 400/220 KV Sub-station Kurud (Thuha) to proposed 220 KV Sub-station Rajim (Koma).

Said line is proposed to pass through Villages **Thuha, Koliari, Nawagaon, Sonpur, Kodebod, Auri, Kalle, Mulle, Gatapar, Sirri, Birejhar, Karga, Phusera, Darra, Kharra, Kulhadi, Kotgaon, Dhetha and Hathband of Tehsil-Kurud, District – Dhamtari; Through Villages - Dongitarai, Chipridih, Kurra, Hasda, Bajrangpur, Pipraud (Patewa) Sonesilli, Gobra-Nawapara, Chhanta and Paragaon in Tehsil –Abhanpur District- Raipur; through villages - Pitaiband, Rajim, Kumhi and Koma in Tehsil – Rajim District- Gariaband.**

Whereas the CG State Power Transmission Co. Ltd. apprehends petition / litigation challenging / affecting construction of said line.

Whereas the CG State Power Transmission Co. Ltd. is lodging caveat in the High Court of Chhattisgarh praying for opportunity of being heard in the event Hon'ble High Court pleases to pass any order, interim or final, affecting the construction of said line in a petition either instituted or about to be instituted.


Whereas it is incumbent to issue notice of caveat prior lodging caveat.

Therefore, the instant notice of lodging caveat in the High Court of Chhattisgarh and address for serving advance copy of petition before filing of petition in the matter of construction said line is being issued and served to all concerned and public at large by way of this publication in newspaper.

Address for service of advance copy of petition and notice:
Raja Sharma, Advocate, Indrani, D-14, HIG-2, Abhilasha Parisar, Tifra, Bilaspur - 495 223 Mobile / WhatsApp - 7000654781; email

**Bilaspur** **(Raja Sharma)**
**Date:** **Counsel for CSPTCL/Caveator**


## शब्द पहेली - 5712



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 5711 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | श | म | शा | न | ■ | म | ति | मं | द | ■ |
| क | ■ | ■ | य | ■ | वी | ■ | रं | ■ | ■ | शै |
| र | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ता |
| ता | ड़ | ना | ■ | ■ | वा | ■ | ■ | ज | वा | न |
| र | ■ | ह | ■ | प | र | दा | ■ | त | री | ■ |
| ■ | नी | ■ | गै | र | ■ | म | जा | ■ | स | ■ |
| ■ | र | वि | ■ | म | न | न | ■ | स | ■ | आ |
| ग | ज | रा | ■ | ■ | फा | ■ | ■ | ह | की | म |
| र | ■ | म | ह | सू | स | क | र | ना | ■ | द |
| म | ■ | ■ | रा | ■ | त | ■ | खै | ■ | ■ | नी |
| ■ | सो | म | ना | थ | ■ | य | ल | गा | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5724

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGA ORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5723 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |




# 2025 में हिंदी फिल्म में आएंगी नजर...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ने अपने फैंस को गुड न्यूज दी है। उन्होंने खुलासा किया है कि वो अगले साल 2025 में बॉलीवुड में कमबैक करने जा रही हैं।



उन्होंने बताया कि वो कई फिल्ममेकर्स से मिली हैं और स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं। उन्होंने 'जी ले जरा' पर भी बात की है। उन्होंने कहा, 'मजाक नहीं कर रही हूं। मैं यहां कई फिल्म मेकर्स से मिलती हूं। स्क्रिप्ट पढ़ती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो हिंदी में करना चाहती हूं। ये साल मेरे लिए वाकई बहुत बिजी रहा। लेकिन मेरे पास कुछ है।' जब उनसे 'जी ले जरा' के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'इसके बारे में आपको एक्सेल (फरहान अख्तर का प्रोडक्शन हाउस) से बात करनी होगी। मालूम हो कि इस फिल्म की अनाउंसमें साल 2021 में की गई थी।

## महात्मा गांधी भी हुए इनके अभिनय के मुरीद, घुड़सवारी के भी थे शौकीन

# हिंदी सिनेमा के पहले नेचुरल एक्टर माने जाते हैं मोतीलाल

*नई दिल्ली। अभिनेता मोतीलाल राजवंश को हिंदी सिनेमा का पहला नेचुरल एक्टर माना गया। मोतीलाल रईस खानदान से ताल्लुक रखते थे। वे घुड़सवारी के शौकीन थे। साथ ही वे तूफानी गति से विमान उड़ाने का शौक रखने वाले लाइसेंसधारी पायलट भी थे। अभिनय के मामले में भी उनका मुकाबला नहीं था, उनकी अदाकारी की तारीफ महात्मा गांधी ने भी की।*

### इस तरह हुई सिनेमा में एंट्री

मोतीलाल का जन्म 4 दिसंबर 1910 को शिमला में हुआ। वहीं से उन्होंने स्कूली शिक्षा ली। फिर दिल्ली से कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे नेवी जॉइन करने के लिए मुंबई आ गए। हालांकि, बीमार होने की वजह से वे टेस्ट नहीं दे सके। यहां तक फिल्मों में आने का उनका कोई इरादा नहीं था। मुंबई में रहते हुए एक दिन मोतीलाल सागर स्टूडियो में शूट हो रही फिल्म की शूटिंग देखने गए। इसके निर्देशक थे केपी घोष। वे मोतीलाल के व्यक्तित्व से इतने प्रभावित हुए कि सीधे फिल्म का प्रस्ताव दे दिया। इस तरह महज 24 साल की उम्र में मोतीलाल ने 'शहर का जादू' साइन की। इसके बाद कई फिल्मों में वे नजर आए।



### शोभना समर्थ के साथ रहीं नजदीकियां

शोभना समर्थ से मोतीलाल की मुलाकात सागर फिल्म कंपनी की फिल्मों में काम करते हुए हुई थी। दोनों एक फिल्म की शूटिंग के दौरान मिले थे। जल्द ही दोनों अच्छे दोस्त बन गए। शोभना उस जमाने की दिग्गज अभिनेत्री थीं। मोतीलाल राजवंश की निजी जिंदगी की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जाता है कि अपने दौर की दिग्गज अदाकार शोभना समर्थ के साथ उनकी नजदीकियां रहीं। शोभना समर्थ की शादी कुमारसेन समर्थ से हुई। हालांकि, एक मोड़ पर आकर उनके रिश्तों में कुछ तनाव आया, तब मोतीलाल राजवंश के साथ शोभना समर्थ की नजदीकियां बढ़ीं। शोभना समर्थ एक्ट्रेस तनुजा-नूतन की मां और काजोल-तनीषा की नानी थीं।

### नेचुरल अंदाज में अदा करते थे हर किरदार

मोतीलाल राजवंश सिल्वर किंग, डॉक्टर मधुरिका, दो घड़ी की मौज, लग्न बंधन, जीवन लता, दो दीवाने, दिलावर, कोकिला, कुलवधू, जागीरदार जैसी फिल्मों में नजर आए। साल 1940 में आई फिल्म 'अछूत' में मोतीलाल ने एक अछूत व्यक्ति का किरदार अदा किया। इस फिल्म में उन्होंने इतना शानदार अभिनय किया कि महात्मा गांधी और वल्लभभाई पटेल ने उनकी तारीफ की। मोतीलाल हर किरदार नेचुरल अंदाज में अदा करते थे, उनकी यही खूबी उन्हें अलग बनाती थी। मोतीलाल राजवंश संपन्न परिवार से ताल्लुक रखते थे। वे रईस खानदान से थे। उनका लाइफस्टाइल भी रईसों वाला था।

### इस फिल्म में निभाया नूतन के पिता का रोल

रिपोर्ट्स के मुताबिक मोतीलाल के प्यार के प्रस्ताव में शोभना की कोई दिलचस्पी न थी। वे मुंबई छोड़ खंडाला शिफ्ट हो गईं। तब मोतीलाल ने अपने प्यार के इजहार का अनूठा तरीका निकाला। उन्होंने किराए पर विमान लिया और शोभना समर्थ की छत के अनगिनत चक्कर काटे और छत पर खूब पत्थर बरसाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोतीलाल ने शोभना की छत पर जो पत्थर फेंके उनके साथ प्रेमपत्र भी भेजे। अभिनेत्री के घर की खिड़की का शीशा तोड़कर उन्हें 'आई लव यू' कहा। शोभना समर्थ ने अपनी बेटी नूतन को जब फिल्मों में उतारा तो मोतीलाल ने उनकी पहली फिल्म में उनके पिता की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का नाम है 'हमारी बेटी'।

# 'मेरे पास दुनिया की सबसे अच्छी मां हैं'...

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'डिंपल गर्ल' प्रीति जिंटा हाल ही में अपनी मां निलप्रभा जिंटा का जन्मदिन मनाती नजर आईं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मां के जन्मदिन सेलिब्रेशन की झलकियां साझा की हैं। खूबसूरत तस्वीरों के साथ प्रीति जिंटा ने कुछ लाइनें भी मां के लिए लिखी हैं, जो दिल छू लेने वाली हैं। साझा की गई तस्वीरों में प्रीति जिंटा अपनी मां पर प्यार लुटाती नजर आ रही हैं। इसके साथ प्रीति जिंटा ने लिखा है, 'दुनियाभर में छोटी ट्रिप्स अक्सर बहुत थका देने वाली और तनावपूर्ण होती हैं। लेकिन, इस थैंक्सगिविंग वीकएंड ने मुझे एहसास दिलाया कि असली दौलत परिवार है। वह पल कीमती होते हैं, जिन्हें आप परिवार के साथ बिताते हैं, जिन्हें आप वाकई प्यार करते हैं'। प्रीति जिंटा ने आगे लिखा है, 'मेरे पास इस गैलेक्सी की सबसे अच्छी मां हैं और इसके लिए मैं ईश्वर की शुक्रगुजार हूं। जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं मां। मैं जानती हूं आप बेहद मजबूत महिला हैं और उतनी ही प्यारी भी हैं। मैं आपसे बेहद प्यार करती हूं'।



# शोमैन की 100वीं जयंती पर दर्शकों को मिला तोहफा महज सौ रुपए की टिकट पर देख पाएंगे फिल्म....

**नई दिल्ली।** राज कपूर की 100वीं जयंती पर उनके प्रशंसकों के लिए एक बड़ी सौगात है। आरके फिल्म्स, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, एनएफडीसी, एनएफएआई एंड सिनेमाज साथ मिलकर एक उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इसका शीर्षक 'राज कपूर 100 - सेलिब्रेटिंग द सेंटेनरी ऑफ द ग्रेटेस्ट शोमैन' है। यह तीन दिवसीय उत्सव 13 दिसंबर को शुरू होगा और 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत 40 शहरों और 135 सिनेमाघरों में राज कपूर की 10 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी।



**टिकट की कीमत होगी 100 रुपए :** इतना ही नहीं खास बात यह भी है कि उत्सव में दिखाई जाने वाली फिल्मों के टिकटों की कीमत सिर्फ 100 रुपए होगी। जो राज कपूर की 100वीं जयंती को चिन्हित करेगी। उत्सव में आग, बरसात, आवारा, श्री 420, जागते रहो, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, मेरा नाम जोकर, बॉबी और राम तेरी गंगा मैली जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी।


**हिंदी सिनेमा में शोमैन का अमूल्य योगदान :** भारतीय सिनेमा के पहले शोमैन कहे जाने वाले राज कपूर ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने कभी बिजनेस को ध्यान में रखकर फिल्में नहीं बनाई थीं। सिनेमा के प्रति उनकी अलग ही दीवानगी थी। जिस दीवानगी के साथ वह फिल्में बनाते थे, उसी दीवानगी के साथ दर्शक उनकी फिल्मों से जुड़ते थे।

*__पोते रणबीर कपूर ने कही ये बात :__ राज कपूर की फिल्मों और फिल्म निर्माण पर चर्चा करते हुए, रणबीर कपूर ने आईएफएफआई में स्वीकार किया कि वह अभिनेता राज कपूर की तुलना में फिल्म निर्माता राज कपूर के बड़े प्रशंसक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज कपूर के पूरे करियर के दौरान फिल्मों में समाजवादी सुधार के संदेश थे। आवारा ने जातिवाद को संबोधित किया और श्री 420 ने लालच को संबोधित किया। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि राज कपूर के स्क्रीन किरदारों और फिल्मों को विदेशों में भी प्रशंसकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। उनके किरदार और गाने सोवियत संघ और मध्य पूर्व में बेहद लोकप्रिय थे।*

राज कपूर ने 50 साल के अपने करियर में कैमरे के आगे और पीछे से कई बेहतरीन काम किए। जिसके लिए उन्हें 3 राष्ट्रीय पुरस्कार, 11 फिल्मफेयर ट्रोफियां, पद्मभूषण और दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

# 'हिट फिल्म देकर भी हो सकते हैं बेरोजगार'

नई दिल्ली। विवेक ओबेरॉय हाल ही में अपने करियर पर बात करते नजर आए। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को असुरक्षित जगह बताया। साथ ही अपने करियर के चुनौतीपूर्ण दौर पर भी बात की। विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर के चैलेंजिंग पड़ाव पर बात की, जब वे करीब डेढ़ साल तक बेरोजगार रहे। करियर में हिट फिल्म 'शूटआउट एट लोखंडवाला' देने के बाद भी उन्होंने ये दौर देखा। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार तनाव और दबाव के चलते उन पर बहुत बुरा असर पड़ा। इसके चलते उन्हें थकान महसूस होने लगी। उन्होंने कहा, 'मैंने 22 साल में करीब 67 प्रोजेक्ट किए हैं, लेकिन इंडस्ट्री बहुत असुरक्षित जगह है। आप बढ़िया काम कर सकते हैं, पुरस्कार जीत सकते हैं और एक अभिनेता के तौर पर अपना काम कर सकते हैं, लेकिन साथ ही यहां रहकर आपको दूसरी वजहों से बेरोजगारी का सामना भी करना पड़ सकता है'। अभिनेता ने कहा, 'साल 2007 के बाद, जब मैंने शूटआउट एट लोखंडवाला की और 'गणपत' गाना वायरल हो गया, मैंने पुरस्कार जीते तो मुझे उम्मीद थी अब कई सारे ऑफर मिलेंगे। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ, बल्कि करीब डेढ़ साल तक घर बैठा रहा'।



## टीवी मसाला



# बिग बी ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के प्रतिभागी से किया ये वादा...

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' देश के पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह खास इसलिए भी है कि इसे होस्ट अमिताभ बच्चन करते हैं। शो अपने दिलचस्प सवालों से ना सिर्फ लोगों का मनोरंजन करता है, बल्कि उन्हें शिक्षित भी करता है। शो के हर एपिसोड में इसके प्रतिभागी अपनी जिंदगी से जुड़े अनुभव और किस्से साझा करते हैं। कुछ किस्से बहुत अच्छे और दिलचस्प होत हैं, कुछ प्रेरक और कुछ दुखद। शो के हालिया एपिसोड में बिग बी ने एक प्रतियोगी ने सलमान खान से जुड़ा एक वादा किया है। शो के हालिया एपिसोड के एक प्रोमो में अभिनेता एक प्रतियोगी से वादा करते हुए नजर आते हैं कि वह सलमान खान से जुड़ी उसकी इच्छा पूरी करेंगे। सामने आए प्रोमो में एक प्रतियोगी अमिताभ बच्चन के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करती है। प्रतिभागी ने अमिताभ बच्चन से कहा कि उसे केवल दो अभिनेता पसंद हैं और वह पहले अभिनेता हैं जिन्हें वह पसंद करती है। प्रतिभागी ने बिग बी से अनुरोध किया कि वह सलमान के दोस्त हैं इसलिए वह उनके सपने को पूरा करने में उसकी मदद कर सकते हैं। इस पर अमिताभ बच्चन ने कहा, "मुझे नहीं पता था कि आप मेरी इतनी बड़ी प्रशंसक हैं, नहीं तो मैं कुछ व्यवस्था करता। लेकिन मैं आपका संदेश उन तक पहुंचा दूंगा।"

## सुनील पाल बोले- 'आप सभी की दुआ मेरे साथ हैं'



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल की गुमशुदगी की खबरों से चिंतित फैंस के लिए राहत की खबर है। वे अब बिल्कुल ठीक हैं। सुनील पाल की पत्नी सरिता ने इस संबंध में जानकारी साझा की और बताया कि कॉमेडियन घर आ गए हैं। पत्नी के बाद अब खुद सुनील पाल ने भी एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो में उन्होंने खुलासा किया है कि उनका अपहरण हुआ था। साथ ही उन्होंने फैंस को बताया है कि वे अब ठीक हैं। बोले- 'आप सभी की दुआ मेरे साथ हैं'।' कॉमेडियन ने एक वीडियो जारी किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इसमें वे कहते नजर आ रहे हैं, 'मैं हूं सुनील पाल, दो तारीख को मेरा अपहरण हुआ था।




# फैंस के साथ बैठकर पुष्पा-2 देखेंगे...

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा - द रूल' सिनेमाघरों में 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म का पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहा था और तभी से दर्शकों को इसके दूसरे पार्ट का बड़ी बेसब्री से इंतजार था। अल्लू अर्जुन खुद फिल्म का फर्स्ट शो फैंस के साथ बैठकर एन्जॉय करेंगे। आंध्र बॉक्स ऑफिस डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक हैदराबाद में अल्लू अर्जुन संध्या 70एमएम में रात के 9.30 बजे का शो दर्शकों के साथ एन्जॉय करेंगे। अल्लू अर्जुन फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट भी एक नहीं, बल्कि कई शहरों में अलग-अलग रखा गया ताकि ग्राउंड पर जनता के साथ सीधे कनेक्शन बिठाया जा सके और पिछली फिल्म से जुड़ी उनकी यादें फिर एक बार ताजा की जा सकें। फिल्म का बजट 500 करोड़ रुपए है।

# 25 साल बाद मुंबई वापस लौटीं...


**मुंबई।** शाहरुख खान और सलमान खान की फिल्म 'करण अर्जुन' की अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने 25 साल बाद भारत लौटने पर अपनी भावनाओं को साझा किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अपनी भारत वापसी पर भावुक और अभिभूत नजर आईं। ममता कुलकर्णी ने वीडियो में कहा कि वह 25 साल बाद भारत लौटी हैं और मुंबई पहुंचने पर उन्हें अपनी पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी फ्लाइट भारत के ऊपर से गुजर रही थी, तो वह अपनी मातृभूमि को देख कर बेहद भावुक हो गईं। मुंबई एयरपोर्ट पर उतरते वक्त वह आंसू नहीं रोक पाई और गहरे भावनात्मक क्षण का अनुभव किया। जांच के दौरान पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि ममता कुलकर्णी समेत सात लोगों को वांछित घोषित किया गया। पुलिस का आरोप था कि ममता कुलकर्णी ने जनवरी 2016 में केन्या में एक बैठक में शामिल होकर आरोपी विक्की गोस्वामी और अन्य के साथ इसको लेकर चर्चा की थी।



# दर्शकों पर फिर से जादू चलाने आ रही 'स्नो व्हाइट'

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी की क्लासिक फिल्म 'स्नो व्हाइट' का नया संस्करण 21 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगा। रैचेल जेग्लर और गैल गैडोट मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन मार्क वेब (द अमेजिंग स्पाइडर-मैन के निर्देशक) ने किया है। वहीं, इसका निर्माण 'विकेड' के निर्माता मार्क प्लैट और जैरेड लेबॉफ ने किया है। यह फिल्म 1937 में आई डिज़्नी की क्लासिक एनीमेशन फिल्म का एक लाइव-एक्शन म्यूजिकल संस्करण है, जिसमें रैचेल जेग्लर (वेस्ट साइड स्टोरी) ने स्नो व्हाइट की मुख्य भूमिका निभाई है और गैल गैडोट (वंडर वुमन) उनकी सौतेली मां और बुरी रानी के रूप में नजर आएंगी। नए ट्रेलर में फिल्म के भव्य निर्माण डिजाइन, प्रसिद्ध पात्रों जैसे बैशफुल, डॉक, डोपी, ग्रम्पी, हैप्पी, स्लीपी और स्नीजी की झलक दिखाई गई है। साथ ही, इसमें 'वेटिंग ऑन अ विश' नाम के एक नए मूल गाने का भी प्रस्तुत किया गया है।







**डॉक्टर सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## सर्दियों में जब हो सांस लेने में परेशानी



**मेरी उम्र 58 वर्ष है। सर्दियों में जब भी मैं मॉर्निंग वॉक के लिए जाता हूं, मेरी आंखों में जलन होने लगती है, सांस लेने में भी दिक्कत आती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुधीर, हिसार**

सर्दी के मौसम में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। आप अगर शहर में रहते हैं तो आपको खास सावधानी बरतने की जरूरत है। इस समय कई शहरों में एक्यूआई बढ़ा हुआ है, जिससे लोगों को आंखों में जलन हो रही है। सांस संबंधी बीमारी से ग्रस्त लोगों को इस दौरान अधिक सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि इससे उनको सांस की प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इससे बचाव के लिए आप घर से बाहर निकलते समय मास्क जरूर लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि मास्क सर्जिकल न हो। एन 95 मास्क लगाकर ही निकलें। कोशिश करें कि सुबह की बजाय धूप निकलने के बाद मॉर्निंग वॉक पर जाएं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरे सिर पर लोहे से चोट लगी थी। उसमें हल्का दर्द तो हमेशा बना रहता है, लेकिन कभी-कभी दर्द तेज हो जाता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-तन्मय, रायपुर**

चोट आपको कब लगी थी, यह आपने नहीं बताया है। अगर ऐसी कोई समस्या आ रही है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि कई बार चोट लगने के कुछ समय बाद तक इस तरह की समस्या देखी जाती है। डॉक्टर एक बार सीटी स्कैन करा लेंगे, जिससे बीमारी का पता चल जाएगा, फिर ट्रीटमेंट हो सकेगा।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। ठंड के मौसम में अकसर मेरे गले में खराश बनी रहती है। कभी-कभी गले में दर्द भी होता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जतिन, बिलासपुर**

सर्दी के मौसम में इस तरह की समस्या तमाम लोगों में देखी जाती है। इसकी एक वजह एलर्जी होती है, जिसकी वजह से ठंड शुरू होते ही गले में खराश और खांसी शुरू हो जाती है। इससे बचाव के लिए आप सुबह-शाम नमक मिले पानी का गरारा करें। कोशिश करें कि पानी हल्का गर्म पिएं। खट्टी चीज खाने से परहेज करें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। मेरे चेहरे और नाक पर कई तिल उभर आए हैं। क्या किसी मेडिकल प्रोसीजर से तिल हटाए जा सकते हैं?**

**-आदित्य, भोपाल**

मॉडर्न मेडिकल साइंस में नई-नई तकनीकें उपलब्ध हैं, जिनसे तिल हटाए जा सकते हैं। लेकिन इससे पहले आपके फेस पर मौजूद तिल की जांच करनी होगी। इसके लिए बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे बताएंगे कि इनको रिमूव करने का क्या प्रोसीजर हो सकता है।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मैं एक साल से पाइल्स की समस्या से परेशान हूं। पिछले कुछ समय से इसमें ब्लड भी आने लगा है। कृपया इस समस्या का स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-हरीश, बालोद**

सबसे पहले आपको खाने में मिर्च, अचार, अदरक का सेवन बिल्कुल बंद कर देना चाहिए। इसके साथ ही नियमित रूप में आपको पपीता खाना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना खाने से बचना चाहिए। अगर ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो आप एक बार सर्जन से संपर्क कर सकते हैं। वह जांच कर बताएंगे कि इसका ऑपरेशन हो सकता है या फिर क्या इलाज हो सकता है। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**डॉक्टर एडवाइस**

**डॉ. एस.पी. राय**
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

आंकड़े बताते हैं कि भारत में 3 करोड़ 43 लाख से अधिक व्यक्ति दमा से पीड़ित हैं। इससे इस समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है। सर्दी और प्रदूषण के माहौल में इसके रोगियों की परेशानी और बढ़ जाती है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इससे बचाव कैसे संभव है और इस पर कैसे कंट्रोल किया जा सकता है?

# सर्दी के मौसम में अस्थमा ऐसे करें बचाव-नियंत्रण

दि अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार दमा की समस्या मौसम बदलने पर होती है लेकिन सर्दियों में दमा (अस्थमा) के मामले अन्य ऋतुओं की तुलना में बढ़ जाते हैं। इसका कारण यह है कि जाड़े में आमतौर पर सर्दी-जुकाम या फ्लू (इंफ्लूएंजा) आदि फेफड़ों से संबंधित संक्रमण के मामले बढ़ जाते हैं। नतीजतन, लापरवाही बरतने पर श्वास नलियों और फेफड़ों पर दुष्प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप दमा के मामले बढ़ते हैं। वहीं तापमान में गिरावट के कारण सांस नलियां भी कुछ हद तक सिकुड़ती हैं। इस कारण जो लोग पहले से ही दमा से ग्रस्त हैं, उनकी समस्या लापरवाही बरतने पर और बिगड़ सकती है।

### दमा का कारण

सांस नलिकाओं में सूजन और सिकुड़न होने को दमा कहते हैं। दमा के लगभग 80 फीसद से अधिक मामले एलर्जी से संबंधित होते हैं। आमतौर पर जिन कारणों से दमा की समस्या बढ़ती है, उन्हें एलर्जंस कहा जाता है। धूल, धुआं, उमस, नमी, कारपेट में माइट्स, केमिकल युक्त पेंट, विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ और मौसम में बदलाव आदि एलर्जंस के कारण बन सकते हैं।

### रोग के प्रमुख लक्षण

वयस्कों में अस्थमा के इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं। जैसे-सांस लेने में तकलीफ के कारण गहरी सांस ना ले पाना। कुछ दूर चलने पर या थोड़ा सा परिश्रम करने पर सांस फूलना। हमेशा सीने में



जकड़न और भारीपन महसूस होना। लगातार खांसी (सूखी या बलगम वाली) आना। इसके अलावा कुछ लोगों को सांस बाहर छोड़ते समय सीटी जैसी आवाज या घरघराहट होती है।

### ट्रीटमेंट के तरीके

**इन्हेलेशन थेरेपी:** दमा में इन्हेलेशन थेरेपी के नतीजे कारगर साबित होते हैं, क्योंकि इनहेलर के जरिए दवा सीधे फेफड़े में पहुंच कर अतिशीघ्र असर करती है। डॉक्टर से परामर्श लेकर इनहेलर से दवा लें और उनके परामर्श पर अमल करें।

**इम्यूनोथेरेपी:** अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार एलर्जी से होने वाले दमा में इम्यूनोथेरेपी काफी हद तक कारगर है। इसके अंतर्गत मरीज को दवाएं और इंजेक्शन देते हैं।

**ब्रांकोथर्मोप्लास्टी:** इलाज की यह प्रक्रिया एक डिवाइस से संचालित की जाती है, जिसके अंतर्गत सांस नलियों में सिकुड़न को दूर किया जाता है। दमा के गंभीर रोगियों के इलाज में ब्रांकोथर्मोप्लास्टी काफी कारगर साबित हो रही है।

### अस्थमा अटैक पर क्या करें



**पीक एक्सपिरेटरी फ्लोमीटर:** सांस फूलना, सीने में जकड़न आदि महसूस होने पर डॉक्टर के परामर्श से पीक फ्लोमीटर का इस्तेमाल करना चाहिए।

**कंट्रोलर इनहेलर का इस्तेमाल:** डॉक्टर के परामर्श से कंट्रोलर इनहेलर का नियमित रूप से इस्तेमाल करें। कंट्रोलर इनहेलर सांस नलिकाओं में सूजन और सिकुड़न को कम करते हैं। दमा के लक्षणों को नियंत्रित कर ये दौरे के खतरे को काफी हद तक खत्म कर देते हैं।

**रिलीवर इनहेलर:** ये फेफड़े की कार्यप्रणाली को व्यवस्थित कर मरीज को इमरजेंसी से बाहर निकाल देते हैं। इन दिनों रिलीवर और कंट्रोलर इनहेलर का कॉम्बिनेशन भी उपलब्ध है।

### बचाव के कारगर उपाय

सर्दियों की शुरुआत में ही दमा पीड़ितों को फ्लू से बचाव के लिए वैक्सीन लगवानी चाहिए, क्योंकि फ्लू की समस्या दमा से संबंधित जटिलताएं उत्पन्न करती हैं। जाड़े का मौसम शुरू होने से पहले डॉक्टर से परामर्श लेकर निमोनिया से बचाव की भी वैक्सीन लगवाएं। इन दिनों देश के अनेक नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) सेहत के लिहाज से खतरनाक स्तर पर है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनें। इनडोर पॉल्यूशन से बचाव के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। अत्यधिक सर्दी पड़ने या शीतलहर की स्थिति में घर के अंदर रहकर व्यायाम करना ही हितकर है। धूम्रपान से दूरी बनाएं। जिस व्यक्ति को जिस पदार्थ या माहौल से एलर्जी हो, उससे बचने का प्रयास करे। स्वस्थ जीवनशैली पर अमल करें। नियमित रूप से व्यायाम करें। एक निश्चित समय पर नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन करें। जंक फूड्स और अधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें। खट्टे फलों जैसे संतरा, नीबू, मौसंबी और आंवले से बने उत्पादों का सेवन करें। इनमें विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। प्रतिदिन एक संतरे का सेवन दमा रोगियों के लिए अत्यंत लाभप्रद है। डॉक्टर के परामर्श से ही इनहेलर का इस्तेमाल करें। अकसर तनावग्रस्त रहने से दमा रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए तनावमुक्त रहने के लिए आशावादी सोच रखना और मेडिटेशन करना लाभप्रद है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### बच्चों में दमा की समस्या

**अर्ली व्हीजर:** बच्चों में दमा के लगभग एक तिहाई ऐसे मामले 14 साल की उम्र तक खत्म हो जाते हैं और उसके बाद इसकी जीवन में दोबारा पुनरावृत्ति नहीं होती।



**मॉडरेट व्हीजर:** ऐसा अस्थमा 14 साल की उम्र तक खत्म हो जाता है, लेकिन 35 से 36वें साल में यह समस्या फिर दोबारा सिर उठाती है।

**परसिस्टेंट व्हीजर:** यह प्रकार बचपन से शुरू होता है और फिर जीवन भर बना रहता है।

**प्रमुख लक्षण:** सर्दी-जुकाम होना, आंखों में खुजली, मौसम बदलने पर सांस लेने की समस्या का बढ़ जाना और नाक से पानी आना आदि। वायरल संक्रमण से दमा की समस्या बढ़ जाती है।

**ट्रीटमेंट:** नवजात शिशुओं में दमा होने पर उन्हें सिरप के रूप में दवा दी जाती है। जरूरत पड़ने पर 3 से 5 साल तक के बच्चों के इलाज में नेबुलाइजेशन थेरेपी का सहारा लेते हैं। पांच से बारह साल तक के बच्चों को मीटर डोज इनहेलर से दवा देते हैं। इसके अलावा उन्हें ओरल डोज भी दी जाती है। 13 से 17 साल के किशोरों को इनहेलर के जरिए दवा देते हैं। इसके अलावा उन्हें एंटी एलर्जिक दवाएं भी देते हैं।

### लाभप्रद सांस संबंधी व्यायाम

**10-10-20 का नियम:** अपने फेफड़ों की क्षमता के अनुसार जहां तक संभव हो गहरी सांस लें। मान लीजिए आप 10 सेकेंड तक सांस अंदर ग्रहण करने में सक्षम हैं, तो इतने ही सेकेंड्स या जितना संभव हो, इसे रोकने का प्रयास करें। फिर धीरे-धीरे 20 सेकेंड्स तक सांस बाहर छोड़ें। प्रतिदिन 5 से 10 मिनट तक इस व्यायाम को करें।



**प्राणायाम और योगासन:** वैसे तो सभी प्राणायामों से फेफड़ों का व्यायाम होता है, किंतु दमा रोगियों के लिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम विशेष रूप से लाभप्रद है। योगासनों में भुजंगासन, धनुरासन, सर्वांगासन और सूर्य नमस्कार हितकर हैं।

**गुब्बारा फुलाना:** ऐसा देखा गया है कि 11 से 20 गुब्बारे हर दिन फुलाने से फेफड़ों की क्षमता में लगातार वृद्धि हो सकती है। हालांकि गुब्बारे फुलाने की एक्सरसाइज को सही प्रकार से करना बहुत जरूरी है।

**तैराकी:** स्विमिंग से भी फेफड़े सशक्त होते हैं। तैराकी के दौरान पानी के अंदर सांस रोकी जाती है, जिससे फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है।

**हंसना और गाना:** गाना गाने और खुलकर हंसने से भी फेफड़ों का व्यायाम होता है। इस लिहाज से हंसना और गायन भी फेफड़ों को स्वस्थ रखता है। हंसने और गाने से फेफड़ों में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है।

---

**हेल्थ न्यूज**

## वेट लूज करने की दवा से मसल्स मास भी हो सकता है कम



वजन घटाने की दवाओं के बढ़ते प्रयोग से लोगों का मसल्स मास भी कम हो सकता है। कुछ समय पूर्व किए गए एक शोध से यह परिणाम निकलने पर शोधकर्ताओं ने चिंता जताते हुए वजन घटाने वाली दवाओं के सेवन में सतर्कता बरतने की सलाह दी है। हाल ही में 'द लैंसेट' पत्रिका में प्रकाशित एक स्टडी रिपोर्ट में, अमेरिका और कनाडा के शोधकर्ताओं ने वेट लॉस करने के संदर्भ में मसल्स मास के महत्व को रेखांकित किया है। इनमें भी खासकर जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट के व्यापक उपयोग पर ध्यान दिया गया है। हालांकि ये दवाएं मोटापे के इलाज में बहुत प्रभावी साबित हुई हैं। लेकिन ये दवाएं, वजन घटाने की प्रक्रिया के दौरान काफी मांसपेशियों का नुकसान भी कर सकती हैं। अमेरिका के पेनिंगटन बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर और कनाडा के अल्बटी और मैकमास्टर यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यह बताया है कि 36 से 72 हफ्तों में जितना वेट लॉस होगा उसका 25 से 39 प्रतिशत मसल्स मास कम हो सकता है। जबकि मसल्स की भूमिका ना केवल शारीरिक ताकत और कार्यक्षमता को बनाए रखने के लिए होती है, बल्कि यह मेटाबॉलिक हेल्थ और बॉडी इम्यून सिस्टम के नियंत्रण के लिए भी आवश्यक होता है। शोधकर्ताओं की टीम ने यह भी पाया कि जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट्स से मांसपेशियों में काफी कमी होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार ऐसा होना, हेल्थ पर नेगेटिव इफेक्ट्स का कारण बन सकता है, क्योंकि कम मांसपेशी वाले लोगों की इम्यूनिटी कम होती है और वे संक्रमण, खराब ग्लूकोज कंट्रोल और अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। मोटापे से पीड़ित अधिकांश लोगों में वजन कम करने के कारण मांसपेशियों की कमी हो जाती है। यह स्थिति हृदय रोग और उससे होने वाली डेथ का रिस्क बढ़ाता है। इसीलिए इस स्टडी से जुड़े पेनिंगटन रिसर्च सेंटर में मेटाबॉलिज्म और बॉडी कंपोजिशन के प्रोफेसर डॉ. स्टीवन हेम्सफील्ड ने वजन घटाने की दवाओं का उपयोग करने वाले लोगों से साइड इफेक्ट्स के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

---

**हेल्थ सजेशन**

**विवेक कुमार**

हेल्दी रहने के लिए रोज गहरी और 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी है ही, इसके साथ यह भी जरूरी है कि सोने का पोस्चर सही हो। गलत पोस्चर में सोने से किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## हेल्दी बॉडी के लिए सही स्लीपिंग पोस्चर



अन्य बातों के अलावा स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी है कि सोते समय हमारे शरीर की मुद्रा यानी स्लीपिंग पोस्चर भी सही हो। ऐसा ना करने पर हमें कई तरह की शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं। इस बारे में आपको पता होना चाहिए।

**गर्दन को ज्यादा मोड़कर सोना:** सोते समय अगर हमारी गर्दन बहुत ज्यादा मुड़ी होती है तो इससे गर्दन के आस-पास की नसों पर बहुत ज्यादा तनाव बनता है, इससे गर्दन में अकड़न आ सकती है, जिसे गर्दन की मोच भी कहते हैं। इससे गर्दन में दर्द तो रहता ही है, कई बार इस मुद्रा में सोने पर गर्दन में चोट लगने की भी आशंका रहती है।

**आधे झुके हुए सोना:** आधे झुके हुए सोने की मुद्रा यानी जिसमें व्यक्ति पूरी तरह लेटा नहीं होता, हार्मफुल होती है। अगर सोते समय आपकी मुद्रा ऐसी रहती है तो इससे गर्दन और पीठ को पूरी तरह से सपोर्ट नहीं मिलता। इस मुद्रा में लगातार सोने से रीढ़ की हड्डी पर दबाव बढ़ता है और दर्द रहने लगता है। यह मुद्रा पाचन संबंधी समस्या भी बढ़ा सकती है क्योंकि इसमें पेट दबा रहता है या झुकी हुई स्थिति में होता है, जिससे गैस्ट्रिक एसिड का रिसाव बढ़ सकता है, नतीजतन एसिडिटी या पेट में जलन की समस्या हो सकती है।

**उल्टे हाथ-पैर फैलाकर सोना:** उल्टे हाथ-पैर फैलाकर सोना यानी 'स्टारफिश पोजिशन' में सोना भी एक खराब स्लीपिंग पोस्चर है। अगर यह पोस्चर लंबे समय तक अपनाया जाए तो इससे कंधों पर दबाव बनता है, जिससे कंधे की नसें प्रभावित होती हैं और दर्द के साथ-साथ सुन्नता भी महसूस हो सकती है। इस मुद्रा में सोने से गर्दन और पीठ में दर्द बना रहता है।

**सही स्लीपिंग पोस्चर:** अब यह जान लेना भी जरूरी है कि सोते समय कौन-कौन सी शारीरिक मुद्राएं सही मानी जाती हैं।

**करवट लेकर सोना:** आंतरिक अंगों के लिए करवट लेकर सोना यानी साइड स्लीपिंग पोस्चर सबसे अच्छी मुद्रा है। करवट लेकर सोने से रीढ़ और गर्दन को सपोर्ट मिलता है जिससे रीढ़ सीधी रहती है। इस मुद्रा में सोने से कमर और गर्दन पर कम दबाव पड़ता है। यह मुद्रा रीढ़ को प्राकृतिक स्थिति में रखने में मददगार है। इस मुद्रा में सोने का एक और बड़ा फायदा यह है कि इससे खर्राटों में कमी आती है।

**पीठ के बल सोना:** पीठ के बल सोना यानी बैक स्लीपिंग पोस्चर भी सोने की सही मुद्रा है। इस मुद्रा में सोने से गर्दन और पीठ को सपोर्ट मिलता है। एसिड रिफ्लक्स की समस्या में भी यह मुद्रा फायदेमंद होती है। अगर सिर के साथ-साथ घुटनों के नीचे भी एक छोटा तकिया रखकर सोएं तो रीढ़ की सही स्थिति बनी रहती है।

**रखें ध्यान:** सही मुद्रा के साथ-साथ सोते समय कुछ और बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है मसलन, गर्दन और सिर की सही स्थिति रहे। इसके लिए जरूरी है कि बहुत ऊंचा या बहुत नीचा तकिया लगाने से बचें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि मेट्रेस और तकिया आपके लिए आरामदायक और आपकी बॉडी के अनुकूल हो। पूरी रात या हर रोज किसी भी एक मुद्रा में लगातार सोने से शरीर में दर्द हो सकता है, इसलिए हल्की-फुल्की स्थिति बदलते रहना चाहिए। *

---

**मौसमी फल**

**राजकुमार 'दिनकर'**

हरा सिंघाड़ा एक ऐसा मौसमी फल है, जो कम समय के लिए उपलब्ध होता है, लेकिन स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत फायदेमंद होता है। कुछ सावधानियों के साथ इसका सेवन किया जाए तो कई तरह की बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

## इस सीजन का इम्यूनिटी बूस्टर है हरा सिंघाड़ा



कुछ फल या सब्जियां ऐसी होती हैं, जिनकी खूबियों की लिस्ट बहुत लंबी होती है। स्वास्थ्य के लिए चमत्कारिक रूप से फायदेमंद होती हैं। सर्दियों की शुरुआत में महज 30 से 40 दिन तक बाजार में मिलने वाला हरा सिंघाड़ा भी ऐसा ही है। इसे आप फल, सब्जी या जड़ी बूटी भी कह सकते हैं। अंग्रेजी में वाटर चेस्टनट के नाम से जाना जाने वाला सिंघाड़ा स्वास्थ्य के लिए जबर्दस्त फायदेमंद होता है।

**होते हैं कई उपयोगी तत्व:** हरे सिंघाड़े में फास्फोरस, विटामिन ए, विटामिन सी, पोटैशियम, मैग्नीशियम, विटामिन बी6, कॉपर और राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। शुरुआती सर्दियों में सिंघाड़े का सेवन करने से हम अपना वजन घटा सकते हैं। सर्दी, खांसी, फ्लू से छुटकारा पा सकते हैं। शरीर में रहने वाली कब्ज और एसिडिटी से मुक्ति हासिल कर सकते हैं और अपने पाचनतंत्र को मजबूत बना सकते हैं।

**इस तरह से फायदेमंद:** अगर कुछ दिन तक नियमित रूप से हरा सिंघाड़ा खाया जाए तो इन दिनों होने वाला गले का संक्रमण नहीं होगा। इसे खाने से गले की सूजन, दर्द और खराश दूर होती हैं, क्योंकि सिंघाड़े में भरपूर एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। सिंघाड़ा खाने से टांसिल के दर्द और गले की खराश से छुटकारा मिलता है। सर्दियों में आमतौर पर लोग कैल्शियम की कमी का शिकार हो जाते हैं और इस कारण सर्दियों में अकसर लोगों को जोड़ों और मांसपेशियों का दर्द सताता है। इन सब परेशानियों से छुटकारा पाने का एक ही तरीका है, सिंघाड़ा खाएं, क्योंकि इसमें भरपूर कैल्शियम होता है।

**कई रोगों से होता है बचाव:** सिंघाड़े में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जिस कारण इसका सेवन करने से सर्दी, जुकाम समेत अन्य संक्रमण जैसे वायरल फीवर और त्वचा संबंधी रोग नहीं होते हैं। कई लोग सर्दियों में पानी कम पीते हैं जिससे डिहाइड्रेशन की आशंका बढ़ जाती है। लेकिन अगर नियमित रूप से 8 या 10 सिंघाड़ों का सेवन किया जाए तो यह शरीर को हाइड्रेट रखता है और यूटीआई संक्रमण से निजात दिलाता है। इसका सेवन करने से वजन तो कम होता ही है, शरीर में चुस्ती, फुर्ती और ऊर्जा भी बरकरार रहती है। सिंघाड़े में आयोडीन भी पाया जाता है, जिससे इसके सेवन से घेंघा रोग से बचाव होता है। सिंघाड़ा हमारी त्वचा को सूर्य की हानिकारक किरणों से भी बचाता है।

सिंघाड़ा हमें जॉन्डिस से भी बचाता है। शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने यानी डिटॉक्सीफाई करने में भी मदद करता है। सिंघाड़े में अच्छी-खासी मात्रा में आयरन पाया जाता है इसलिए एनीमिया के रोगियों को सिंघाड़ा खाने से फायदा होता है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी सिंघाड़ा बहुत फायदेमंद होता है। सिंघाड़ा पीरियड्स संबंधी समस्याओं को भी दूर करने में मददगार होता है। सिंघाड़े में जिंक और विटामिन ई भी पाया जाता है, जो त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद होता है। मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए सिंघाड़े के आटे की रोटियां खाना फायदेमंद होता है।

**रखें ध्यान:** सिंघाड़े की तासीर ठंडी होती है, इसलिए जिन लोगों को ठंडे फलों को खाने से एलर्जी हो, उन्हें सिंघाड़े का सेवन नहीं करना चाहिए। एक बात यह भी जान लें कि अगर आप सिंघाड़े के फायदे चाहते हैं तो हर दिन 8 सिंघाड़ों से जयादा का सेवन ना करें। इस बात को भी ध्यान रखें कि जो लोग खून पतला करने की दवाई खा रहे हैं, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इससे रक्तचाप कंट्रोल में रहता है, लेकिन जिन लोगों का रक्तचाप पहले से ही लो हो, उन्हें सिंघाड़ा खाने से बचना चाहिए। उच्च रक्तचाप वाले लोग सिंघाड़ा खाकर उसे कंट्रोल में कर सकते हैं। सिंघाड़े के संबंध में यहां दी गई जानकारी सामान्य है। सिंघाड़े का औषधीय उपयोग करने के लिए डॉक्टर से सलाह अवश्य करें। *



## गृहमंत्री शाह से मिलीं सांसद प्रियंका
# ज्ञापन देकर वायनाड के लिए मांगा 2221 करोड़ रुपए का रिलीफ फंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाढ़ से अस्त-व्यस्त हो चुके केरल के वायनाड को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से प्रियंका गांधी ने मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि हमने पीएम और गृह मंत्री को ज्ञापन दिया है। वायनाड में तबाही पूरी हो गई है। जो लोग प्रभावित हुए हैं उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। ऐसे में अगर केंद्र कदम नहीं उठा सकता तो इससे पूरे देश और खासकर पीड़ितों में बहुत बुरा संदेश जाता है। पीएम ने दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की थी। जब मैं पीड़ितों से मिली तो उन्होंने उम्मीद जताई कि शायद उन्हें कुछ राहत मिलेगी।



### केरल के सभी सांसद भी रहे मौजूद

इस मुलाकात के दौरान 21 और सांसद मौजूद थे। प्रियंका ने शाह से वायनाड के लिए 2,221 करोड़ का रिलीफ फंड जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 4 महीने बीत चुके हैं और वह राहत नहीं मिल रही है। मैंने गृह मंत्री से अपील की है और उन्होंने बहुत दयालुता से हमारी बात सुनी है। मैंने उनसे अपील की है कि हम राजनीति से ऊपर उठें और वास्तव में प्रभावित लोगों के दर्द और पीड़ा को पहचानें। गृह मंत्री को गंभीरता से विचार करना चाहिए। शाह ने कहा है कि क्या किया गया है और क्या किया जा सकता है, दोनों का ब्योरा देंगे।

## मुंबई के जोन 5 की घटना, आरोपी को पुलिस ने दबोचा
# सलमान की शूटिंग साइट पर पहुंचा संदिग्ध, बोला- बिश्नोई को बोलूं क्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को लेकर शॉकिंग खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि सलमान की शूटिंग साइट पर एक व्यक्ति ने अवैध तरीके से प्रवेश किया। संशय आने पर जब उससे पूछताछ की गई तो शख्स ने कहा 'बिश्नोई को बोलूं क्या?' संदिग्ध को पूछताछ के लिए शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार, घटना मुंबई के जोन-5 में हुई। संदिग्ध ने कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई के नाम का भी इस्तेमाल किया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। शुरुआती जानकारी में पता चला है कि सलमान खान शूटिंग साइट पर मौजूद थे जब यह अज्ञात व्यक्ति अंदर आया। क्रू के कुछ लोगों ने उसे देखा जब उसने कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि बॉलीवुड के दबंग सलमान खान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से कई बार धमकी दी जा चुकी है। बीते दिनों एक्टर से 5 करोड़ की रंगदारी भी मांगी गई थी। एक्टर के बांद्रा स्थित घर के बाहर कुछ दिन पहले गोलीबारी भी हुई थी। इसमें भी लॉरेंस गैंग का नाम सामने आया था। सलमान खान के करीबी बाबा सिद्दीकी की भी हाल ही में गोली मारकर हत्या की गई थी। इसमें भी लॉरेंस गैंग का नाम सामने आया था।



### सलमान को कई बार मिली धमकियां

बीते कुछ महीनों में एक्टर को धमकियां मिलने का सिलसिला तेज हो गया है। अभी हाल फिलहाल की बात है जब सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर धमकी दी गई थी। धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस का भाई बताया। उसने सलमान से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। धमकी में कहा गया कि 'अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं तो उन्हें हमारे मंदिर में जाकर माफी मांगनी चाहिए या 5 करोड़ रुपये देने चाहिए। ऐसा न करने पर उन्हें जान से मार देंगे, हमारी गैंग आज भी सक्रिय है।' इस शख्स को पुलिस ने कर्नाटक से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 35 वर्षीय आरोपी भीकाराम जलाराम बिश्नोई के रूप में हुई है। वो मूल रूप से राजस्थान के जालौर का रहने वाला है। ये सिलसिला यहीं नहीं रुका। इससे पहले भी एक शख्स ने सलमान को जान से मारने की धमकी देते हुए दो करोड़ रुपये मांगे थे। अब बात इस कदर बिगड़ चुकी है कि कोई भी अनजान शख्स लॉरेंस का नाम लेकर सलमान खान को धमकी दे रहा है। मालूम हो, सलमान और लॉरेंस के बीच का विवाद 1998 से शुरू हुआ था। काले हिरण शिकार मामले को लेकर ये पूरी कंट्रोवर्सी है। लॉरेंस एक बार सलमान के घर पर फायरिंग भी करा चुका है।

# बिरला ने दी जोशी को नसीहत, बीच में उठकर बोलने वालों को न दें जवाब

*लोकसभा में प्रह्लाद जोशी पीयूष गोयल और अखिलेश यादव की टीका-टिप्पणी से जुड़ा है यह मामला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में कई बार पर सुबह 11 बजे होने वाले प्रश्नकाल में सांसदों द्वारा सरकार से पूछे जाने वाले प्रश्नों के दौरान यह देखा गया है कि विभागीय मंत्री और विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता या बाकी लोग विषय से इतर आपसी टीका-टिप्पणी में उलझ जाते हैं। इस पर अध्यक्षीय आसन की तरफ से सदन में अनुशासन बनाए रखने की अपील की जाती है। जिसका जमीनी स्तर पर बहुत अधिक असर होता हुआ दिखाई नहीं पड़ता। लेकिन बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के अंदर ऐसी तमाम गतिविधियों पर पूरी तरह से नकेल कसने के लिए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को सख्त अंदाज में नसीहत दी। जिसमें उन्होंने कहा कि मंत्री जी आपको प्रश्नकाल के बीच में उठकर बोलने वालों को जवाब देने की कोई आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष को उनके द्वारा दी गई हिदायत को सदन में पूरी तरह से क्रियान्वित करने का आश्वासन दिया।

---

**INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA KRISHAK NAGAR, RAIPUR (CHHATTISGARH) 492 012**

No.Estt.-3/187/2024/ 5686 — Raipur, Dated: 03/12/2024

**NOTIFICATION**

Vishwavidyalaya advertisement No./Estt.-03/187/2023/5108 dated 05/10/2023 published for filling of various posts of Krishi Vigyan Kendras is hereby cancelled.

By order of the Vice Chancellor

S-42318/1 — **REGISTRAR**

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा**

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के अल्पकालीन ई0 पुर्निनिविदा निविदा आमंत्रण सूचना स0– RDD/SD/JMT/RE/03/2024-25, PR-340314 Rural Department (24-25) D द्वारा निविदा आमंत्रित किया गया था। क्रमांक–03 के ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं संमय दिनांक–03.12.2024 (अपराह्न 5:00 बजे) के स्थान ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं संमय दिनांक–09.12.2024 (अपराह्न 5:00 बजे) तथा क्रमांक–07 के ई0–निविदा खोलने का तिथि एवं समय दिनांक–05.12.2024 (अपराह्न 2:00 बजे) के स्थान पर ई0– निविदा खोलने का तिथि एवं समय दिनांक–11.12.2024 (अपराह्न 2:00 बजे) समझा जाए।

निविदा की अन्य शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़

PR.NO.341111 Rural Development (24-25):D

---

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT Ranchi**

**e-Procurement Notice**
**( Short Notice)**
**Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-36/2024-25 Date:-03.12.24**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Jharkhand Bhawan at Sector-30A, Vashi, Navi Mumbai, Maharastra | Rs. 136,95,27,200.00 | 24 (Twenty Four) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.12.2024 | |
| ii | प्री बीड मिटिंग की तिथि | 16.12.2024 | |
| iii | प्री बीड मिटिंग का स्थान | e- Procurement Cell, Room No 326 A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi | |
| iv | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 23.12.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| v | निविदा खोलने की तिथि/समय | 24.12.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| vi | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi | |
| vii | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| viii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Special Works Division**
**Building Construction Department,,Ranchi .**

PR 341129 (Building)24-25*D

---

## फिलिस्तीन को मिला भारत का साथ
# यूएन में इजराइल के खिलाफ किया वोट, 157 देशों ने भी किया समर्थन





एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएन) के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इसमें पूर्वी येरूशलम समेत 1967 से कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र से इजराइल की वापसी का आह्वान किया गया था। साथ ही पश्चिम एशिया में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति पाने के आह्वान को दोहराया गया। सेनेगल द्वारा पेश फिलिस्तीन के प्रश्न का शांतिपूर्ण समाधान का मसौदा प्रस्ताव मंगलवार को 193 सदस्यीय महासभा में भारी बहुमत से अपनाया गया। भारत उन 157 देशों में शामिल था, जिन्होंने इसके पक्ष में मतदान किया। वहीं, अर्जेंटीना, हंगरी, इजराइल, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी और अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया।

### इजराइल अपने दायित्वों का करे पालन

प्रस्ताव के माध्यम से महासभा ने अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति व सुरक्षा के साथ रहने वाले इजराइल और फिलिस्तीन के दो राज्य समाधान पर अपने समर्थन की पुष्टि की। प्रस्ताव में यह भी मांग की गई है कि कि इजराइल अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सख्ती से पालन करे। इजराइल के दायित्वों का उल्लेख 19 जुलाई 2024 के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की सलाहकार राय में है। इसमें कहा गया था कि इजराइल कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में अपनी गैरकानूनी उपस्थिति को जल्द से जल्द समाप्त करे। सभी नई बस्तियों को तुरंत रोके और कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र से सभी बसने वालों को निकाले।

---

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (Successor Company of CSEB) CIN U40108CT2003SGC015822
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (PROJECT) Email-ipdscellcspdcl@gmail.com**

No. 02-08/PM-JUGA/TS 2506/4806 — Raipur, Date. 03.12.2024

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders - in hard copy **(for Techno Commercial Bid only)**, for execution of work of electrification of 65,711 Left-Out House Holds (HHs) including HHs of Pradhan Mantri Janjatiya Unnat Gram Abhiyan (PM-JUGA) under RDSS in Chhattisgarh state as per following details are invited from eligible bidders :-

| Tender Specification No. | Name of Work | Package wise tender value (Rs. in Crs) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Package No/RFX No. | District | Value of NIT Including GST (In Crs) |
| TS- 02-08/PM-JUGA/TS 2506/4806 Raipur Dtd 03.12.2024 | Execution of work of electrification of 65,711 Left-Out House Holds (HHs) including HHs of Pradhan Mantri Janjatiya Unnat Gram Abhiyan (PM-JUGA) under RDSS in Chhattisgarh state | PKG-1/8100040580 | Balrampur | 57.86 |
| | | PKG-2/8100040581 | Surguja, Jashpur | 13.66 |
| | | PKG-3/8100040582 | Korea, Manendragarh Chirmiri Bharatpur, Surajpur | 36.8 |
| | | PKG-4/8100040583 | Bilaspur, Gaurella Pendra Marwahi, Mungeli | 51.58 |
| | | PKG-5/8100040584 | Bemetara, Balod, Durg | 5.28 |
| | | PKG-6/8100040585 | Kabirdham, Rajnandgaon | 9.77 |
| | | PKG-7/8100040586 | Bijapur | 34.93 |
| | | PKG-8/8100040587 | Dantewada | 30.10 |
| | | PKG-9/8100040588 | Bastar, Sukma | 14.68 |
| | | PKG-10/8100040589 | Janjgir champa, Sakti, Raigarh | 13.69 |
| | | PKG-11/8100040590 | Korba | 20.49 |
| | | PKG-12/8100040591 | Kanker, Kondagaon | 9.48 |
| | | PKG-13/8100040592 | Gariyaband, Mahasamund, Dhamtari, Raipur | 4.68 |
| | | | **Total** | **303.00** |

**Note:**1) Tender fee is **Rs. 25000/-** only for participation. 2) Last date for bid submission is **06.01.2025 on or before 2.00 PM.**3) Any corrigendum/Addendum/Amendment including extension of due date of opening – if any, **shall not be published in newspapers. However it will be displayed on CSPDCL website only.** 4) **Price bid shall be submitted though e-bidding only,** on or before last date and time of bid submission.For details, please visit our web site: www.cspdcl.co.in – Tender – Tender Notices – Tender Notices issued by O/o Chief Engineer (Project), CSPDCL **and for bidding** www.cspdcl.co.in -e-bidding.

**SAVE ELECTRICITY**

**Chief Engineer (Project)**
**CSPDCL, Raipur**

---

## 'पुष्पा 2' के प्रीमियर पर मची भगदड़... बेकाबू भीड़ में दबा बच्चा

हैदराबाद। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' को लेकर फैंस के बीच अलग उत्साह है। लेकिन हैदराबाद में इस उत्साह का बुरा परिणाम बुधवार रात देखने को मिला। हैदराबाद के आरटीसी एक्स रोड्स पर अल्लू अर्जुन पहुंचे थे। यहां उन्हें देखने के लिए फैंस की बड़ी भीड़ जमा हुआ। एक्टर की एक झलक पाने के लिए लोगों के बीच भगदड़ हो गई, जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। मौके से एक बच्चे का वीडियो भी सामने आया है, जो बेसुध हालत में नजर आ रहा है। पुलिस उसे होश में लाने की कोशिश कर रही है। हैदराबाद के संध्या थियेटर में बुधवार को एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

## सिख कलाकार जसलीन ने जीता प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार

लंदन। ग्लासगो में जन्मी भारतीय मूल की कलाकार जसलीन कौर ने "व्यक्तिगत, राजनीतिक और आध्यात्मिक" पहलुओं को एक साथ पिरोने के लिए ब्रिटेन का प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार 2024 जीता है। जसलीन की कृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में पलने-बढ़ने के दौरान की उनकी जिंदगी से प्रेरित हैं। कौर को मंगलवार रात लंदन के टेट ब्रिटेन में आयोजित एक समारोह में अपनी एकल प्रदर्शनी 'ऑल्टर ऑल्टर' के लिए लगभग 26.84 लाख रुपये का पुरस्कार मिला।

---

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्रमांक - 2**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित सिस्टम निविदा क्र. 161334 निविदा सूचना क्र. 12 / वलेलि/2024-25 दिनांक 20.11.2024, जिसका जी-नंबर 242503970 दिनांक 21.11.2024 है, में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| स.क्र. | पूर्व में प्रकाशित | संशोधितानुसार |
|---|---|---|
| 1 | Bid Start Date and time:- 27.11.2024, 17:31 Hours | Bid Start Date and time :- 29.11.2024, 17:31 Hours |
| 2 | Bid Due Date and time:- 11.12.2024, 17:30 Hours | Bid Due Date and time:- 13.12.2024, 17:30 Hours |
| 3 | Bid Open Start Date and time:- 12.12.2024, 11:30 Hours | Bid Open Start Date and time:- 16.12.2024, 11:30 Hours |

टीप :- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रेहंगीं ।

**कार्यपालन अभियंता**
**टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग**
**जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

G-242504308/3

---

**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ. ग.)**
**कार्या. दूरभाष क्रमांक 07782-222281,**
**ई-मेल cmhobastar@gmail.com**

6443 — 03/12/ 2024

**संविदा नियुक्ति विज्ञापन**

कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला- बस्तर के विज्ञापन क्र./ मु.चि.स्वा.अ./रा.स्वा.मि. / स्था. / 2024 / 6446 जगदलपुर, दिनांक 03/12/ 2024 द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत बस्तर जिले में रिक्त विभिन्न संविदा पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। इच्छुक आवेदक कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, शांती नगर, इंदिरा स्टेडियम के पीछे जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग) के पते पर निर्धारित दिनांक 17.12.2024, 19.12.2024, 21.12.2024, 23.12.2024, 26.12.2024, 28.12.2024 को निर्धारित समय प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

कार्यालय द्वारा विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.bastar.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)**

G-242504312/3

---

**जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जिला बस्तर, छत्तीसगढ़**
**(नक्टीसेमरा, आड़ावाल जगदलपुर, जिला बस्तर)**
**फोन नं.- 07782299082 ई.मेल- dplcjdp@gmail.com**
**बेबसाईड - http://www.Bastar.gov.in www.livelihoodjagdalpur.in**

क्रमांक / लाईवलीहुड कॉलेज / भर्ती / 2024-2025 / 183 जगदलपुर, दिनांक 03/12/2024

**// संक्षिप्त विज्ञापन //**

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जगदलपुर अंतर्गत अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी अतिथि प्रशिक्षकों हेतु दिनांक 09.12.2024 समय प्रातः 10:00 बजे **"Walk in interview"** आयोजित की गई है। इच्छुक आवेदक अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि, समय पर साक्षात्कार हेतु जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, जगदलपुर में उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी कार्यालय की सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट www.bastar.gov.in में देखी जा सकतीहै।

**सहायक परियोजना अधिकारी जिला**
**परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज**
**जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

S-42319/1

---

**कार्यालय अस्पताल अधीक्षक**
**डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर, डी.के.एस. भवन रायपुर (छ.ग.)**
**Email- dkspgi@gmail.com, phone no. 07714061619**

**// सूचना //**

डी. के. एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर (छ.ग.) में सह–प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं सीनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यूह अधीक्षक कार्यालय में दिनांक 12/12/2024 दिन गुरूवार को 12:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है-

| क्र. | पदनाम | योग्यता | विभाग | कुल रिक्त पद की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सह–प्राध्यापक | MCI के मापदण्डों के अनुसार | यूरोलॉजी विभाग | 1 |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | MCI के मापदण्डों के अनुसार | निश्चेतना विभाग, यूरोलॉजी विभाग, गैस्ट्रोसर्जरी विभाग, न्यूरोलॉजी विभाग | 4 |
| 3 | सीनियर रेसीडेंट | MCI के मापदण्डों के अनुसार | बर्न एण्ड प्लास्टिक सर्जरी विभाग, गैस्ट्रो सर्जरी विभाग, क्रिटिकल केयर, नेफ्रोलॉजी विभाग, न्यूरोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी विभाग, न्यूरोसर्जरी विभाग, | 10 |
| | | | कुल पद | 15 |

नोट :- 1. संविदा भर्ती में शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा । 2. पद रिक्त होने की स्थिति में रिक्त पदों की संविदा भर्ती प्रति माह के प्रथम गुरूवार को वॉक-इन-इन्टरव्यूह के माध्यम से लिया जावेगा। यदि उस दिनांक को शासकीय अवकाश होने पर उसी पद का अगले दिन वॉक-इन-इन्टरव्यूह लिया जावेगा। 3. विस्तृत जानकारी डी. के. एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर के वेबसाइड www.dkspgi.in पर उपलब्ध हैं।

**अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज**
**डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर (छ.ग.)**

G-242504303/1

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ. ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना क्र.- 07/2024-25**
**(द्वितीय निविदा आमंत्रण)**

**क्रमांक 690/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024-25, नारायणपुर दिनांक 02/12/2024**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन (Online) दिनांक 13.12.2024 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत ( रूपये लाख में) | मैनुअल दस्तावेज कार्यालय मे पहुँचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | नवीन जिला पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य विकास खण्ड नारायणपुर | 57.27 लाख | 16.12.2024 |

2. उक्त निर्माण कार्यो की निविदा सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in मे दिनांक 03.12.2024 से डाउनलोड की जा सकती है ।

**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,**
**संभाग – नारायणपुर (छ.ग.)**

G- 242504322/2

---

**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़**
**Phone No. -0771-2263708, Fax- 2262558**
**www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in**

क्रमांक/133/रा.यु.उ.यो./ 2024-25 / 9389 — नवा रायपुर दिनांक 03/12/2024

**"संक्षिप्त विज्ञप्ति"**

**राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग जिला बिलासपुर में कराने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रण वर्ष 2024-25**

राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (B) के समान छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जिला बिलासपुर में कराने हेतु निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है।

**(1) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि – 23.12. 2024, सायं 4.00 बजे तक**
**(2) आवेदन जमा करने का स्थान- संभागीय मुख्यालय के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला रायपुर/बिलासपुर /जगदलपुर /सरगुजा /दुर्ग में जमा कर सकते है।**

आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in से डाउनलोड कर अवलोकन किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी यथा पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि सूचना विभागीय वेबसाइट से अभ्यर्थी प्राप्त करेंगे ।

**(नरेन्द्र कुमार दुग्गा) आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

G-242504326/1

---

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वनमण्डल दुर्ग**

**पुलगांव डिपो का ई-ऑक्शन का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दुर्ग वनमण्डल के अधिनस्थ शासकीय उपभोक्ता डिपो पुलगांव, अण्डा, पाटन, ऊतई, वन परिसर कुम्हारी, बेमेतरा, एवं अन्य डिपो में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / संबंधित परिक्षेत्र कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-ऑक्सन में रखे जाने वाले अनुमानित मात्रा :-

नीलाम तिथि - 12/12/2024
समय - प्रातः 9:00 बजे

**नया ईमारती काष्ठ / जलाऊ चट्टा**

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग | जलाऊ चट्टा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लट्ठा/बल्ली, डेंगरी | 42.286 | 8038 | 1893 | - |
| बेमेतरा | बेमेतरा | सागौन लट्ठा | 19.405 | - | - | - |
| | | **योग :-** | **61.691** | **8038** | **1893** | - |

**अविक्रित काष्ठ/ जलाऊ चट्टा**

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | चिरान घ.मी. | बल्ली / डेंगरी नग | जलाऊ च. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लट्ठा/बल्ली / डेंगरी | 272.251 | - | 2374/3014 | - |
| - | - | मुण्डी / आम / मिश्रित लट्ठा | 10.966 | - | - | - |
| - | अण्डा | मिश्रित ल., ज. / नीलगिरी लट्ठा | 2.370 | - | - | 6 |
| - | पाटन | सागौन लट्ठा, डे. /साल, कहुआ | 3.226 | 2.933 | /163 | |
| - | उतई | नीलगिरी, मिश्रित लट्ठा, जलाऊ | 6.501 | - | - | 20 |
| धमधा | व.प. कुम्हारी | सागौन लट्ठा, डेंगरी / कहुआ अन्य चिरान / मि.ज. | 3.582 | 1.256 | /22 | 1/2 |
| बेमेतरा | बेमेतरा | सागौन लट्ठा | 16.439 | - | - | - |
| साजा | बेरला | सागौन लट्ठा/ चिरान | 0.076 | 0.312 | - | - |
| | | **योग :-** | **315.411** | **4.501** | **2374/3199** | **26.5** |

**टीप :-** (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है । (4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा। (5) सफल क्रेताओं को अपना पूर्ण पता, मो. नं., पैन कार्ड एवं GST की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। फोन नं. - 75870-13100, ई-मेलः dfodurg@gmail.com

**वनमण्डलाधिकारी**
**वनमण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**

G-242504304/3

# पिच पर 6 मिमी घास, तेज फिर स्पिन गेंदबाजों को मिलेगी मदद, अंत में बरसेंगे रन

एजेंसी ▶▶| एडीलेड

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट के दौरान स्पिन गेंदबाजी के भूमिका निभाने की उम्मीद है लेकिन एडीलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियन हॉग ने साथ ही वादा किया है कि पिच पर छह मिमी घास छोड़ी जाएगी जिससे कि यहां दिन-रात्रि मैच के दौरान गेंद जल्दी पुरानी नहीं हो। हॉग ने कहा कि घास की मौजूदगी से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी जबकि मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिनर की भूमिका भी बनेगी।

हॉग ने शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले मीडिया से कहा, 'इतिहास से पता चलता है कि एडीलेड में दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी करना मुश्किल होता है। पिच पर छह मिमी घास होगी। हम प्रसास कर रहे हैं कि मैच के दौरान खेल के सभी पहलुओं को भूमिका निभाने का मौका मिले। हम ऐसी घास छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं जो सूखी और सख्त हो। और हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं जिससे कि अधिक से अधिक गति और उछाल हासिल कर सकें।'

- एडीलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियन हॉग ने दी जानकारी
- भारत और आस्ट्रेलिया के बीच कल से होगा दूसरा टेस्ट



### 36 रन पर ढेर हो गई थी भारतीय टीम

वर्ष 2020 में इसी मैदान पर दूसरी पारी में भारत के 36 रन पर ढेर होने के बाद यह ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया का गुलाबी गेंद का पहला टेस्ट होगा। हॉग ने हालांकि कहा कि तब भी पिच में कोई खराबी नहीं थी।

### घास से मिलेगी उछाल

भारत ने पर्थ में पहला टेस्ट रिकॉर्ड 295 रन से जीता जो चार दिन तक चला। इस टेस्ट में मैच आगे बढ़ने के साथ बल्लेबाजी आसान होती गई। हॉग के पास गुलाबी गेंद के मैच के लिए भी ऐसी ही योजनाएं हैं। हॉग ने कहा, 'स्पिन आमतौर पर भूमिका निभाती है इसलिए घास के कारण गेंद तेजी से निकल सकती है और आम तौर पर अच्छा उछाल मिलता है। यही योजना है। उम्मीद है कि जैसे-जैसे गेंद पुरानी होती जाएगी बल्लेबाज इसका फायदा उठा पाएंगे और अगर कोई साझेदारी होती है तो वे इसका फायदा उठाएंगे।'

### बल्ले और गेंद के बीच बनेगा संतुलन

क्यूरेटर ने कहा, 'आमतौर पर तेज गेंदबाजों को पूरे मैच में कुछ सहायता मिलनी चाहिए। और हम जानते हैं कि तेज गेंदबाज ऐसा कर सकते हैं। रात के सत्र में स्पिन की भूमिका हो सकती है। हम उस संतुलन को सही करने की कोशिश कर रहे हैं...हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बना रहे।' मैच के शुरुआती दिन तूफान आने की संभावना है जो साल के इस समय यहां असामान्य है।

### स्पिनर की भूमिका अहम

पर्थ टेस्ट में स्पिनरों की अधिक भूमिका नहीं थी और क्यूरेटर ने कहा कि एडीलेड ओवल में स्पिनरों को अधिक सहायता मिलेगी। हॉग ने एडीलेड पर स्पिनरों की भूमिका पर कहा, 'स्पिन हमेशा एडीलेड में अहम भूमिका निभाती है। आपको एक विशेषज्ञ स्पिनर चुनने की जरूरत है। कभी भी 'हम चुने या नहीं?' का सवाल नहीं होना चाहिए। हमेशा ऐसा होना चाहिए। मेरी तरफ से हमेशा एक स्पिनर चुनें। उस अतिरिक्त घास को छोड़ने का विचार यही है कि स्पिनर को इससे फायदा मिले।' उन्होंने दोहराया कि लक्ष्य एक अच्छा, संतुलित मुकाबला कराना है।

## कोहली-गिल परेशान
### ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों ने की अभद्र टिप्पणी



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला में अब भारत के अभ्यास सत्रों में प्रशंसकों को अनुमति नहीं दी जाएगी। शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले टीम के अभ्यास के दौरान कुछ दर्शकों की 'अभद्र' टिप्पणियों से खिलाड़ियों को परेशानी हुई। मंगलवार को अभ्यास सत्र प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र को देखने के लिए जहां सीमित संख्या में दर्शक पहुंचे थे, वहीं हजारों लोग भारतीय टीम को देखने के लिए एकत्र हुए। एडिलेड में अभ्यास सुविधा दर्शकदिर्धा के बहुत करीब हैं।



### यह पूरी तरह से अराजकता

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'यह पूरी तरह से अराजकता थी। ऑस्ट्रेलियाई प्रशिक्षण सत्र के दौरान 70 से ज्यादा लोग नहीं आए थे, लेकिन भारत के सत्र के दौरान लगभग 3000 लोग मौजूद थे। किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि इतने सारे प्रशंसक आएंगे। सिडनी में (पांचवें टेस्ट से पहले) एक और प्रशंसक दिवस था, जिसे रद्द कर दिया गया है, क्योंकि खिलाड़ी यहां की गई असभ्य और असंवेदनशील टिप्पणियों से बहुत आहत थे।'

### रोहित-पंत को उकसाया

एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि प्रशंसकों ने रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को छक्के मारने के लिए उकसाया। कुछ प्रशंसकों ने टीम के खिलाड़ी की फिटनेस पर अभद्र टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'बहुत सारे लोगों की वजह से विराट (कोहली) और शुभमन गिल को घेरा गया। कुछ लोग अपने दोस्तों के साथ फेसबुक लाइव कर रहे थे और बल्लेबाज के खेलने के समय जोर-जोर से बात कर रहे थे। एक प्रशंसक लगातार एक खिलाड़ी से गुजराती में 'हाय (अभिवादन)' कहने का आग्रह कर रहा था। एक अन्य खिलाड़ी विशेष की शरीर को लेकर अभद्र टिप्पणी कर रहा था।'

## खबर संक्षेप



### कार्यवाहक विकेटकीपर बने रहेंगे ओली पोप

**वेलिंगटन।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए ओली पोप को कार्यवाहक विकेटकीपर बरकरार रखा है। पिछले हफ्ते क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के दौरान जोर्डन कॉक्स का अंगूठा टूट गया था। ओली रोबिनसन को विकेटकीपर के कवर के तौर पर बुलाया गया था और वह वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में दूसरे टेस्ट में पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने की दौड़ में थे।

### अब्बास की तीन साल बाद पाक टीम में वापसी

**इस्लामाबाद।** तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास की दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मुकाबलों के लिए तीन साल बाद पाक टीम में वापसी हुई है जबकि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी दौरे पर सिर्फ सीमित ओवरों के मुकाबलों में खेलेंगे।



अब्बास ने पाकिस्तान के लिए 25 टेस्ट में 90 विकेट चटकाए हैं लेकिन 2021 में जमैका टेस्ट के बाद वह पाकिस्तान के लिए लाल गेंद के प्रारूप में नहीं खेले हैं।

### मैं धोनी से बात नहीं करता, 10 साल हो गए

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में कभी मैच जिताने वाली जोड़ी रहे हरभजन सिंह और एमएस धोनी अलग हो गए हैं। दोनों ने मिलकर 2007 (टी20 वर्ल्ड कप) और 2011 (वनडे वर्ल्ड कप) में देश के लिए वर्ल्ड कप जीता है। अब पिछले 10 सालों से बात नहीं कर रहे हैं। यह दावा दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने किया है। दिग्गज भारतीय स्पिनर ने कहा, 'नहीं, मैं धोनी से बात नहीं करता। जब मैं सीएसके में खेल रहा था तब हमने बात की थी, लेकिन इसके अलावा हमने बात नहीं की है। 10 साल या उससे ज्यादा हो गए हैं। मेरे पास कोई कारण नहीं है। मेरे मन में उनके खिलाफ कुछ नहीं है। अगर उन्हें कुछ कहना है, तो वे मुझे बता सकते हैं।'






# भारत ने पांचवीं बार जीता पुरुष एशिया कप, हुंडल के चार गोल

**जूनियर टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराया**

एजेंसी ▶▶| मस्कट

अराइजीत सिंह हुंडल के चार गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने बुधवार को यहां पुरुष जूनियर एशिया कप के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर खिताब की हैट्रिक बनाई। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत का पांचवां खिताब है। इससे पहले भारत ने 2004, 2008, 2015 और 2023 में यह खिताब जीता था। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2021 में आयोजित नहीं किया गया। हुंडल ने चौथे, 18वें और 54वें मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 47वें मिनट में मैदानी गोल दागा। भारत के लिए एक अन्य गोल दिलराज सिंह (19वें मिनट) ने किया। पाकिस्तान के लिए सूफियान खान (30वें और 39वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जबकि हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल किया। इससे पहले जापान ने मलेशिया को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।





### क्वार्टर-1

पाकिस्तान ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही शाहिद के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। भारत ने कुछ सेकंड बाद ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया जिससे हुंडल ने शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक पर पाकिस्तान के गोलकीपर के दाईं ओर से गोल में पहुंचाकर टीम को बराबरी दिला दी।

### क्वार्टर-2

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपने खेल में सुधार किया और 18वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिससे हुंडल ने गोल में बदला। एक मिनट बाद दिलराज के एक बेहतरीन मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को 3-1 कर दिया। पाकिस्तान ने 30वें मिनट में सूफियान के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से स्कोर 2-3 किया।

### क्वार्टर 3-4

सूफियान ने 39वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पाकिस्तान को बराबरी दिला दी। भारत ने अंतिम क्वार्टर में 47वें मिनट में अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन हुंडल के शॉट को पाकिस्तान के गोलकीपर मुहम्मद जंजुआ ने बचा लिया। हुंडल ने हालांकि कुछ सेकंड बाद ही मैदानी गोल दागकर भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने अंतिम 10 मिनट में पाकिस्तान पर कड़ा दबाव बनाया और कुछ और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और हुंडल ने एक बार फिर बेहतरीन वैरिएशन से गोल करके टीम की 5-3 से जीत सुनिश्चित की।

**अंडर-19 एशिया कप**

## भारत ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा अंतिम-4 में श्रीलंका से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| शारजाह



तेरह साल के वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे के अर्धशतक से भारत ने बुधवार को यहां ग्रुप ए में संयुक्त अरब अमीरात को 10 विकेट से रौंदकर अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। भारत ने जवाब में सूर्यवंशी (नाबाद 76) और आयुष (नाबाद 67) के बीच पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से 16.1 ओवर में बिना विकेट खोए 143 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सूर्यवंशी ने हाल में आईपीएल नीलामी में सुर्खियां बटोरी थी जब राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें एक करोड़ 10 लाख रुपए में खरीदा। वह लीग के इतिहास में नीलामी में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।



### गुकेश-लिरेन ने आठवीं बाजी भी ड्रॉ खेली

**सिंगापुर।** भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और चीन के गत चैंपियन डिंग लिरेन ने बुधवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की आठवीं बाजी में लगातार पांचवां ड्रॉ खेला जिससे दोनों समान अंकों के साथ बराबरी पर चल रहे हैं। इस ड्रॉ बाजी के बाद दोनों खिलाड़ियों के खाते में 4-4 अंक हैं जो चैंपियनशिप जीतने के लिए जरूरी 7.5 अंक से अब भी 3.5 अंक कम है। दोनों खिलाड़ी आठवीं बाजी में 51 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए। यह 14 दौर के मुकाबले का छठा ड्रॉ था। चीन के 32 वर्षीय लिरेन ने शुरुआती बाजी जीती थी जबकि 18 वर्षीय गुकेश तीसरी बाजी में विजयी रहे थे। दूसरी, चौथी, पांचवीं, छठी और सातवीं बाजी भी ड्रॉ रही।

**101 रन से जीता मैच, दो मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर**

## बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज में 15 साल बाद जीता टेस्ट मैच

एजेंसी ▶▶| किंग्सटन

बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 101 रन से हराकर पिछले 15 साल में पहली बार कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट मैच जीता। वेस्टइंडीज की टीम जीत के लिए 287 रनों का पीछा करते हुए दो सत्र से भी कम समय में 185 रन पर ऑल आउट हो गई। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश की टीम दो मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर करने में सफल रही। यह वेस्टइंडीज में टीम की तीसरी जीत है। टीम ने इससे पहले 2009 में दो मैचों की श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया था।

इस मैच से पहले बांग्लादेश को वेस्टइंडीज में अपने पिछले सात टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इसमें मौजूदा श्रृंखला का पहला मैच भी शामिल था। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के पास दूसरी पारी में ताइजुल इस्लाम की फिरकी का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 50 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्हें हसन महमूद और तस्कीन अहमद का अच्छा साथ मिला। इन दोनों ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि नाहिद राणा को एक सफलता मिली। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जाकेर अली ने 91 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को 268 रन तक पहुंचाया। इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में 164 रन के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 146 रन पर आउट हो गई थी।



**मेजबान के घर 16 वनडे में से 4 ही जीती भारतीय टीम**

# भारत-आस्ट्रेलिया की महिला टीमें आज से लड़ेंगी वनडे जंग

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

भारत और आस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें गुरुवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें आस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। आस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिए हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछले करीब नौ महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैंपियन आस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी।



### फार्म में मंधाना

भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगा। जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं। आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं।

### आईडब्लूसी में शीर्ष पर आस्ट्रेलिया

यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल अठारह में से तेरह वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वतः जगह मिलेगी।

### हरमनप्रीत की हो रही आलोचना

कप्तान हरमनप्रीत कौर का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली वनडे श्रृंखला में तीनों मैचों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सकी थी। उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी को लेकर उठने वाले सवालों का जवाब देने का उनके पास यह सुनहरा मौका है। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की टीम में वापसी हुई है जो परीक्षा के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। वहीं हरलीन देयोल, टिटास साधू और मिन्नू मनी ने भी टीम में वापसी की है।



# स्पेस स्टेशन में खेती क्यों कर रहीं नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 8 महीने के स्पेस मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर हैं। आईएसएस के कमांडर के तौर पर वह इस समय में वह अंतरिक्ष में एक महत्वपूर्ण कृषि अनुसंधान कर रही हैं। विलियम्स माइक्रोग्रैविटी में सब्जियां उगाने का प्रयोग कर रही हैं, जिससे अंतरिक्ष में खेती की महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान हो सकता है। इस प्रयोग को प्लांट हैबिटेट-07 नाम दिया गया है।

## भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए है खास, जानें कब आएंगी वापस

### स्टडी खोल सकती है नए द्वार

स्टडी में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि पौधे माइक्रो ग्रेविटी के अनुकूल कैसे हो सकते हैं। इसके अलावा निष्कर्ष पृथ्वी पर टिकाऊ खेती के तरीकों को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का समाधान हो सकता है। विलियम्स का काम पौधों की वृद्धि से कहीं आगे जाता है। स्टडी अंतरिक्ष में लंबे समय तक चलने वाले नासा के व्यापक मिशनों में योगदान शुरू करते हैं। लेट्यूस प्रयोग से हासिल डेटा बंद-लूप प्रणालियों के विकास का समर्थन करता है जो पानी, हवा और पोषक तत्वों को रीसायकल करते हैं, जिससे पृथ्वी से पुनः आपूर्ति मिशनों पर निर्भरता कम होती है। यह स्टडी लंबे समय तक अंतरिक्ष मिशनों के लिए आधार तैयार करता है।



### पांच जून को गई थीं अंतरिक्ष में

सुनीता विलियम्स इसी साल 5 जून को बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष में गई थीं। उन्हें एक सप्ताह में वापस लौटना था, लेकिन स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी के बाद उनकी वापसी को टाल दिया गया। आखिरकार सितम्बर में स्टारलाइनर बिना क्रू के धरती पर वापस लौटा। सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर अब स्पेसएक्स के अंतरिक्ष यान से अगले साल फरवरी में वापस आएंगी।

स्टडी में इस बात पर पता लगाया जा रहा है कि जीरो-ग्रेविटी के वातावरण में पानी के अलग-अलग स्तर पौधों की वृद्धि पर क्या असर डालते हैं। पृथ्वी पर पानी ऊपर से नीचे की ओर बहता है,जिससे पौधों की जड़ों को पोषक तत्वों को अवशोषित करने में मदद मिलती है। लेकिन, माइक्रोग्रेविटी में पानी अलग तरह से व्यवहार करता है। यह शोध भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जो चंद्रमा, मंगल और उससे आगे है, जहां वैज्ञानिक मानव जीवन के लिए संभावनाएं तलाश रहे हैं।

# अंतरिक्ष में लगेगा ट्रैफिक जाम?



## 14 हजार सैटेलाइट, 12 करोड़ मलबे के टुकड़े एक्सपर्ट ने चेताया

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अंतरिक्ष विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बढ़ते उपग्रहों और अंतरिक्ष कबाड़ के कारण पृथ्वी की निचली कक्षा (लॉ अर्थ ऑर्बिट) में जाम लग सकता है। ऐसे में यह ऑर्बिट के इस्तेमाल को मुश्किल बना सकती है। संयुक्त राष्ट्र के एक पैनल ने अंतरिक्ष यातायात समन्वय पर कहा है कि अगर कंपनियां और देश मिलकर काम नहीं करेंगे और अंतरिक्ष के इस सबसे सुलभ क्षेत्र के प्रबंधन के लिए जरूरी जानकारी साझा नहीं करेंगे तो यह समस्या और गंभीर हो जाएगी। उन्होंने तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसके लिए एक अंतरराष्ट्रीय ढांचा बनाने का आह्वान किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका स्थित स्लिंगशॉट एयरोस्पेस ने बताया है कि पृथ्वी की निचली कक्षा में 14,000 से ज्यादा सैटेलाइट हैं, जिनमें 3,500 निष्क्रिय हैं। इनके साथ-साथ लॉन्च, टकराव और टूट-फूट से करीब 12 करोड़ मलबे के टुकड़े भी जमा हो गए हैं।

### 'अब देरी नहीं करनी चाहिए'

संयुक्त राष्ट्र की अंतरिक्ष मामलों के कार्यालय की निदेशक आरती होला मैनी का कहना है कि अंतरिक्ष यातायात समन्वय में देरी करने का समय नहीं है। अंतरिक्ष में इतनी सारी वस्तुएं भेजी जा रही हैं कि हमें अंतरिक्ष सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। इसका मतलब है कि टकराव से बचने के लिए ऑपरेटरों के बीच सूचना साझा करना जरूरी है। मैनी ने कहा कि पृथ्वी की निचली कक्षा को सुरक्षित रखना जरूरी है ताकि वैश्विक संचार, नेविगेशन और वैज्ञानिक अन्वेषण के पीछे की तकनीक में महंगे व्यवधान को रोका जा सके।

### एक साल में प्रति उपग्रह 17 फीसदी की हुई है वृद्धि

पृथ्वी की निचली कक्षा वह क्षेत्र है जो मानव निर्मित वस्तुओं से सबसे अधिक भरा हुआ है। यह लागत और निकटता के बीच संतुलन प्रदान करता है। यह तेजी से बढ़ते वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए इसे एक प्रमुख लक्ष्य बनाता है। स्लिंगशॉट के आंकड़ों से पता चला है कि पिछले एक साल में प्रति उपग्रह नजदीकी दृष्टिकोण में 17 फीसदी की वृद्धि हुई है। अनुमान बताते हैं कि आने वाले वर्षों में हजारों और उपग्रह कक्षा में प्रवेश करेंगे। इसे जोखिम के और बढ़ने का अंदेशा है।

# 'सावधान! यूं खत्म हो जाएगी दुनिया'

## महान वैज्ञानिक ने की थी भविष्यवाणी, अब नासा ने भी लगाई मुहर

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग के बारे में हम सभी जानते हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही दुनिया के खत्म होने की घोषणा कर दी थी और इसके प्रोसेस के बारे में भी बताया था। अब नासा ने भी उसी थ्योरी पर मुहर लगा दी है। इसमें कुछ महत्वपूर्ण कारणों के बारे में बताया गया है, जो दुनिया के अंत की वजह बनेंगे। क्या भौतिक विज्ञान के महान ज्ञाता स्टीफन हॉकिंग की वो खतरनाक भविष्यवाणी सच हो जाएगी, जो उन्होंने दुनिया के भविष्य को लेकर की थी। क्या वाकई दुनिया का अस्तित्व संकट में है? जनसंख्या विस्फोट और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव को लेकर एक बार फिर बातें हो रही हैं। ये बातें वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग ने पहले ही कही थीं, जिस पर अब नासा ने समर्थन ज़ाहिर किया है।



### मानव सभ्यता का अस्तित्व संकट में

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने हॉकिंग की बताई गई प्रलय की तारीख का समर्थन नहीं किया है, लेकिन ये माना है कि जलवायु परिवर्तन, अधिक जनसंख्या और ऊर्जा संसाधनों की कमी के गंभीर खतरा पैदा करने वाली है। इसके परिणामस्वरूप मानव सभ्यता का अस्तित्व संकट में पड़ चुका है।

### जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित हैं नासा

नासा ने हाल ही में स्टीफन हॉकिंग की प्रलय के दिन की चिंताओं को दोहराया वे जलवायु परिवर्तन को लेकर भी विशेष रूप से चिंतित हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ये ज़ोर देकर कहा है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव वर्तमान पीढ़ी के लिए बदले नहीं जा सकते और अगर अब कोई मजबूत कार्रवाई नहीं की गई तो हालात बद से बदतर हो जाएंगे। नासा के के चलाए जा रहे कार्यक्रम पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन की निगरानी करते हैं। वे पर्यावरण के संकट को दूर करने के वैश्विक प्रयासों के बारे में बताते हैं। नासा का कहना है कि आज के मानवीय कार्य भविष्य के परिणामों की गंभीरता को निर्धारित करेंगे, ऐसे अब तत्काल प्रयास बेहद ज़रूरी हैं।

### दूसरे ग्रहों पर विस्तार ही है आखिरी तरीका

हॉकिंग का मानना था कि मानव जाति को बनाए रखने के लिए दूसरे ग्रहों पर विस्तार ही आखिरी तरीका है। पृथ्वी के साथ समानता को देखते हुए मंगल ग्रह पर लोगों को बसाने के लिए काम चल रहा है। बावजूद इसके अभी तकनीकी, नैतिक और तार्किक चुनौतियां बनी हुई हैं। इनमें से सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण है सांस लेने लायक घर बनाना और अंतरिक्ष समाज के लिए कानूनी ढांचे की स्थापना करना। स्टीफन हॉकिंग की दुनिया के अंत की डरावनी तारीख अभी दूर की कौड़ी लग सकती है, लेकिन नासा और उनकी सहमति एक ही बात पर है कि तबाही को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई महत्वपूर्ण है।

# सऊदी अरब ने किया कमाल दुनिया में पहली बार पेश किया खजूर से बना कोला

**रियाद।** सऊदी अरब ने सॉफ्ट ड्रिंक्स की दुनिया में कमाल किया है। इस्लामिक देश में दुनिया के सामने पहली बार खजूर से बनी पहली कोल्ड ड्रिंक्स को लॉन्च किया गया है। मिलफ कोला नाम के इस शीतल पेय रियाद खजूर महोत्सव में पहली बार पेश किया गया। खजूर से बनी इस ड्रिंक्स को थुरथ-अल-मदीना नाम की कंपनी ने विकसित किया है। इस पेय को बनाने का उद्देश्य फ्रेशनेस को स्वास्थ्य से जोड़ना है। यह कोल्ड ड्रिंक्स इंडस्ट्री में स्वस्थ और अधिक टिकाऊ पेय विकल्पों की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। मिलफ कोला में मुख्य घटक उच्च गुणवत्ता वाले खजूर हैं, जो अपनी नेचुरल शुगर, फाइबर और आवश्यक खनिजों के लिए जाना जाता है। यह पेय को पारंपरिक सोडा ड्रिंक्स के सामने एक स्वस्थ विकल्प बनाता है, जिसमें अक्सर हाई शुगर कंटेंट और कम पोषण होता है।



### स्थानीय खजूर से किया जा रहा तैयार


यह शीतल पेय अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करता है। पर्यावरण पर विशेष ध्यान देते हुए इसे स्थानीय रूप से खजूर को प्राप्त करके बनाया जाता है। मिलाफ कोला ने सऊदी अरब की नई आर्थिक नीति की झलक को दिखाता है, जिसमें इस्लामिक देश तेल आधारित अर्थव्यवस्था के विविधीकरण का प्रयास कर रहा है। इसमें स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना भी शामिल है।

# बिना दुकानदार की ये चाय दुकान 90 सालों से चल रही

**खुद बनाते-पीते हैं और फिर कैश बॉक्स में डाल देते हैं पैसे**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

हुगली के सेरामपुर में एक अनोखी चाय की दुकान है, जो बिना दुकानदार के चल रही है। बंगालियों का चाय के प्रति प्यार किसी से छिपा नहीं है। सुबह हो या शाम, चाय के साथ चर्चा करना उनकी आदत है। राज्य से देश की राजनीति तक, हर मुद्दे पर बहस का अड्डा चाय की टेबल ही होती है। सेरामपुर के 'छात्रा काली बाबू श्मशान' के सामने स्थित यह चाय की दुकान करीब 300-350 साल पुरानी है।



### 80-90 वर्षों से यह चाय की दुकान बन गई

पहले यह बाजार की दुकान हुआ करती थी, लेकिन पिछले 80-90 वर्षों से यह चाय की दुकान बन गई। खास बात यह है कि इस दुकान पर ग्राहक खुद चाय बनाते हैं और तय कीमत का पैसा कैश बॉक्स में डाल देते हैं।

### चाय बनाने की जिम्मेदारी खुद उठाते हैं लोग

दुकान के नियमित ग्राहक बताते हैं कि वे यहां सिर्फ चाय पीने नहीं, बल्कि बातचीत और समय बिताने आते हैं। शाम को जब चाय बनाने वाला कोई नहीं होता, तो वे खुद चाय बना लेते हैं। रिटायर्ड लोग यहां आकर अपने दोस्तों के साथ गपशप करते हैं और कभी-कभी खुद चाय बनाते हैं। यही वजह है कि यह दुकान आज तक बंद नहीं हुई।


### 40 साल से जुड़ा प्यार

एक पुराने ग्राहक ने बताया कि वह पिछले 40 वर्षों से यहां चाय पी रहे हैं। यह दुकान सिर्फ चाय की जगह नहीं, बल्कि लोगों के बीच आपसी प्रेम और जुड़ाव का प्रतीक बन गई है। यही प्रेम है, जिसने सेरामपुर की इस चाय की दुकान को लगभग 90 सालों से जीवित रखा है।










### 36 वर्ष जेल में बिताने के बाद 104 वर्षीय व्यक्ति रिहा

**कोलकाता/मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा सुधार गृह में 36 वर्ष जेल में बिताने के बाद 104 वर्षीय व्यक्ति को रिहा कर दिया गया। अपनी रिहाई के बाद उन्होंने कहा कि वह परिवार के साथ समय बिताएंगे और बागवानी करेंगे। वर्ष 1988 में भूमि विवाद मामले में अपने भाई की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद 1992 में मालदा की जिला एवं सत्र अदालत ने रक्षित मंडल को इ मामले में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उन्हें लगभग एक वर्ष के लिए जमानत पर रिहा किया गया था तथा दूसरी बार पैरोल दी गई थी, लेकिन पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद वह पुनः जेल चले गए थे। उच्च न्यायालय ने पहले कई बार उनकी रिहाई की याचिका खारिज कर दी थी। मालदा जिले के मानिकचक के निवासी मंडल ने मंगलवार को मालदा सुधार गृह के गेट से बाहर निकलते हुए पत्रकारों से कहा कि अब वह अपना पूरा समय बागवानी/पौधों की देखभाल तथा परिवार के सदस्यों के साथ बिताने में लगाएंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com